mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-04 अंक-284 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

सतना
14 अक्टूबर 2024 सोमवार

# दैनिक मीडियाऑडीटर

दैनिक मीडिया ऑडीटर

सतना, रीवा से एक साथ प्रकाशित



दुर्गा पूजा के दौरान...
@ पेज 5

## संक्षिप्त समाचार

### सोनिया गांधी ने बहाए थे आतंकियों के लिए आंसू

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के उस बयान पर तीखी प्रतिक्रिया मिली है जिसमें उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को आतंकवादी पार्टी कहकर संबोधित किया था। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कांग्रेस की अगुवाई वाली यूपीए सरकार के दौरान के आतंकी घटनाओं को जिक्र करते हुए कांग्रेस पर आतंकवाद के दोषियों के प्रति नरम रुख अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने आतंकवादी अफजल गुरु के प्रति नरम रहने



का आरोप लगाते हुए कांग्रेस पर हमला किया और कहा कि सोनिया गांधी ने बटला हाउस मुठभेड़ में मारे गए आतंकवादियों के प्रति सहानुभूति व्यक्त की थी। जोशी ने सोशल मीडिया पर अपने विचार साझा करते हुए कहा, मल्लिकार्जुन खरगे ने गलती से भाजपा को आतंकवादी पार्टी कह दिया। वह यह सोनिया गांधी ही थीं जिन्होंने बटला हाउस में मारे गए आतंकवादियों के लिए आंसू बहाए थे। यह कांग्रेस ही थी जो अफजल गुरु के प्रति नरम थी। यह कांग्रेस ही थी जिसने 2004 में पोटा को निरस्त किया था।

### कन्नड़ जाने बिना कर्नाटक में नहीं रह सकते

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक सरकार ने 1 नवंबर को राज्य स्थापना दिवस पर कन्नड़ झंडा फहराना अनिवार्य कर दिया है। राज्य के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा कि राज्य के स्थापना दिवस पर बेंगलुरु में सूचना प्रौद्योगिकी, जैव प्रौद्योगिकी क्षेत्र समेत सभी शिक्षण संस्थाओं, व्यापारिक प्रतिष्ठानों और कारखानों में कन्नड़ ध्वज जरूर फहराया जाए। उन्होंने कहा कि शहर और बेंगलूरू शहरी जिले में रहने वाले लगभग 50 प्रतिशत लोग अन्य राज्यों से हैं। उन्हें भी कन्नड़ सीखने को प्राथमिकता देनी चाहिए। शिवकुमार ने कहा, 'हम मैसूर राज्य का नाम बदलकर कर्नाटक



किए जाने के 50 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। 1 नवंबर कन्नड़ लोगों के लिए उत्सव का दिन है। बेंगलुरु के प्रभारी मंत्री के तौर पर मैंने एक नया कार्यक्रम तैयार किया है, जिसके तहत सभी स्कूलों और कॉलेजों, कारखानों, आईटी-बीटी क्षेत्र सहित व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में अनिवार्य रूप से कन्नड़ ध्वज फहराया जाना चाहिए।' उन्होंने बताया कि इस संबंध में आदेश जारी किया जाएगा। अनौपचारिक लेकिन व्यापक रूप से मान्यता प्राप्त पीले व लाल 'कन्नड़ ध्वज' को 1960 के दशक में वीर सेनानी मा राममूर्ति ने डिजाइन किया था। शिवकुमार ने कहा, 'राज्योत्सव का सरकारी समारोह एक स्थान पर आयोजित किया जाएगा, लेकिन निजी और सरकारी शैक्षणिक संस्थानों में भी अनिवार्य रूप से समारोह आयोजित किए जाने चाहिए।' शिवकुमार ने कहा कि हर किसी को यह महसूस करना चाहिए कि कर्नाटक में कन्नड़ जाने बिना नहीं रहा जा सकता।

## यूएन चीफ की एंट्री पर इजरायल ने लगाया बैन

- विरोध में उतरे 104 देश,भारत ने खुद को रखा दूर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ईरान ने 1 अक्टूबर को इजरायल पर मिसाइल से हमला किया था। इसके बाद 2 अक्टूबर को इजरायल ने बड़ा फैसला लिया और संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस को इजरायली क्षेत्र में प्रवेश करने पर प्रतिबंध लगा दिया। दुनिया के कई देशों ने इजरायल के इस कदम की निंदा की। कई यूरोपीय और अफ्रीकी देशों ने भी इजरायल के इस कदम की निंदा की। 104 देशों ने एक पत्र के माध्यम से संयुक्त राष्ट्र महासचिव को इजरायली क्षेत्र में प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने के लिए इजरायल की निंदा की। अहम बात यह है कि भारत ने इस पत्र पर अपने हस्ताक्षर नहीं किए। भारत ने करीब चार ऐसे प्रमुख प्रस्ताव में भाग नहीं लिया, जो फिलिस्तीन के मुद्दों से जुड़े हुए थे। चिली ने इस पत्र को सबसे पहले पेश किया। इसका समर्थन ब्राजील, कोलंबिया, अफ्रीका, युगांडा, इंडोनेशिया, स्पेन, गुयाना और मेक्सिको ने भी किया। सभी ने कहा कि हम संयुक्त राष्ट्र महासचिव और संयुक्त राष्ट्र को रक्षा के रूप में देखते हैं, ना कि किसी संघर्ष की पक्ष के रक्षा के रूप में। हम महासचिव और उनके काम में पूर्ण समर्थन व्यक्त करते हैं।



## लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने सोशल मीडिया पर की पोस्ट

# सलमान और दाऊद की मदद करने वालों को छोड़ेंगे नहीं

- बाबा सिद्दीकी की हत्या की ली जिम्मेदारी
- उत्तरप्रदेश-हरियाणा के शूटर्स से गोलियां चलवाईं,सलमान की मदद करने वालों को धमकी दी





**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई में एनसीपी (अजित गुट) के नेता बाबा सिद्दीकी की शनिवार रात गोली मारकर हत्या कर दी गई। सिद्दीकी इसी साल फरवरी में कांग्रेस छोड़कर अजित पवार के साथ आए थे। हत्या के 28 घंटे बाद लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने सोशल मीडिया पोस्ट कर हत्या की जिम्मेदारी ली। लिखा, सलमान खान और दाऊद की मदद करने वालों को छोड़ेंगे नहीं। इस पोस्ट में लॉरेंस बिश्नोई ग्रुप और अनमोल बिश्नोई को हैशटैग किया गया है। लॉरेंस अभी गुजरात की साबरमती जेल में बंद है। उसने 14 अप्रैल को सलमान के घर के बाहर फायरिंग कराई थी। जेल में लॉरेंस से पूछताछ कराई जाएगी। सलमान खान की सिक्योरिटी भी बढ़ा दी गई है। हरियाणा और यूपी के शूटर्स ने हत्या की। 3 शूटर्स में से 2 को पुलिस ने अरेस्ट कर लिया है। एक फरार है। एक शूटर हरियाण और 2 उत्तर प्रदेश के बहराइच के रहने वाले हैं। ये 40 दिन से मुंबई में ही ठहरे थे और सिद्दीकी के घर और बेटे के ऑफिस की रेकी कर रहे थे। सिद्दीकी को वाय-सिक्योरिटी मिली थी, लेकिन घटना के वक्त उनके साथ कोई कॉन्स्टेबल नहीं था। स्ट्रीट लाइट्स और सीसीटीवी भी बंद थे। बांद्रा के खेर नगर में शनिवार रात करीब 9.30 बजे विधायक बेटे जीशान के ऑफिस के बाहर 3 बदमाशों ने फायरिंग की थी।

## पूर्व सांसद नवनीत राणा को गैंगरेप की धमकी

- आरोपी आमिर ने फोन नंबर भी बताया,लिखा-पाकिस्तान जिंदाबाद, 10 करोड़ की फिरौती भी मांगी

**अमरावती (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के अमरावती से पूर्व सांसद और भाजपा नेता नवनीत राणा को धमकी भरा लेटर मिला है। लेटर में नवनीत को गैंगरेप की धमकी दी गई है। साथ ही कहा कि उनके घर के सामने गाय को काटा जाएगा। पत्र भेजने वाले ने खुद का नाम आमिर बताया है। उसने 10 करोड़ की फिरौती भी मांगी है। साथ ही पाकिस्तान जिंदाबाद भी लिखा। आरोपी ने लेटर में अपना फोन नंबर भी लिखा है। लेटर में नवनीत राणा को लेकर कई आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया गया है। साथ ही उनके पति रवि राणा के लिए अभद्र बातें लिखी गईं। रवि राणा के निजी सहायक विनोद गुहे ने राजापेठ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। एक्ट्रेस से नेता बनीं नवनीत राणा, विवादों से नाता रहा नवनीत राणा एक फिल्म एक्ट्रेस और राजनेता हैं। नवनीत ने हिंदी, तेलुगु, कन्नड, मलयालम और पंजाबी की कई बड़ी फिल्मों में काम किया। साल 2014 में एनसीपी के टिकट से अमरावती से लोकसभा चुनाव लड़ा, लेकिन जीत हासिल नहीं कर पाई। साल 2019 में निर्दलीय चुनाव लड़ा।



## जरूरत पड़ने पर पूरी ताकत से होगा हथियारों का इस्तेमाल

### राजनाथ सिंह की दो टूक, बोले-किसी भी तरह का संकोच नहीं करेंगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने देश की सुरक्षा को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि भारत ने कभी किसी देश पर घृणा या द्वेष के कारण आक्रमण नहीं किया, लेकिन अगर इसके हितों को खतरा हुआ तो हम बड़ा कदम उठाने में संकोच नहीं करेंगे। विजयादशमी के अवसर पर सिंह ने पश्चिम बंगाल के सुकना सैन्य स्टेशन पर शस्त्र पूजा की। उन्होंने कहा कि यह अनुष्ठान एक स्पष्ट संकेत है कि अगर आवश्यकता हुई तो हथियारों व उपकरणों का पूरी ताकत से उपयोग किया जाएगा। सुकना स्थित 33 कोर को त्रिशक्ति कोर के नाम से जाना जाता है। यह सिक्किम सेक्टर में चीन से लगी वास्तविक नियंत्रण रेखा की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार है। रक्षा मंत्रालय ने बयान में सिंह के हवाले से कहा, 'भारत ने कभी भी किसी देश पर घृणा या बुरी नीयत से हमला नहीं किया। हम तभी लड़ते हैं जब कोई हमारी अखंडता और संप्रभुता का अपमान करता है या उसे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करता है। जब धर्म, सत्य और मानवीय मूल्यों के विरूद्ध युद्ध छेड़ा जाता है, यही हमें विरासत में मिला है। हम इस विरासत को संरक्षित रखेंगे।



## बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद सलमान की सुरक्षा बढ़ी

**मुंबई (एजेंसी)।** एनसीपी अजित पवार गुट के नेता और महाराष्ट्र सरकार के पूर्व मंत्री रहे बाबा सिद्दीकी की शनिवार रात गोली मारकर हत्या कर दी गई। इसकी जिम्मेदारी लॉरेंस गैंग ने ली है। सिद्दीकी के करीबी सलमान खान की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। राजनीति में दिलचस्पी ना रखने वाले लोग बाबा सिद्दीकी को उनकी इफ्तार पार्टियों के लिए जानते थे। सालाना रमजान के मौके पर मुंबई में होने वाली इस पार्टी में बॉलीवुड सेलेब्स की भीड़ रहती थी। ये बात कम लोग ही जानते हैं कि यही पार्टी शाहरुख खान और सलमान खान का सालों पुराना झगड़ा खत्म होने की वजह रही थी। हर साल की तरह साल 2013 में भी सिद्दीकी ने इफ्तार पार्टी का आयोजन किया था।



## कोलकाता में एक और डॉक्टर की हालत गंभीर

### भूख हड़ताल से कुल 3 डॉटर अस्पताल में भर्ती

**कोलाकाता (एजेंसी)।** कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर के विरोध में 6 अक्टूबर से अनशन पर बैठे ट्रेनी डॉक्टरों में से 1 और डॉक्टर की हालात क्रिटिकल हो गई है। हड़ताल पर बैठे डॉक्टरों ने बताया कि उनके साथी डॉ. अनुस्तुप मुखर्जी को शनिवार रात को गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया गया है। प्रोटेस्ट कर रहे एक डॉक्टर ने बताया कि मुखर्जी के स्टूल से खून आ रहा था। उन्हें पेट में तेज दर्द की भी शिकायत थी।

3 डॉक्टरों की हालत बिगड़ने के लिए राज्य सरकार जिम्मेदार है, क्योंकि सरकार हमारी सभी मांगें नहीं मान रही है। इससे पहले शनिवार शाम को नॉर्थ बंगाल मेडिकल कॉलेज में भूख हड़ताल पर बैठे डॉक्टर आलोक वर्मा की हालत बिगड़ी थी, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहीं, 10 अक्टूबर को ट्रेनी डॉक्टर अनिकेत महतो को आरजी कर अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया था। दरअसल, आरजी कर अस्पताल में 8 अगस्त की रात ट्रेनी डॉक्टर का रेप और मर्डर किया गया था। 9 अगस्त को बॉडी कॉलेज में मिली थी।



## मणिपुर में जातीय हिंसा के बाद बढ़ी 'जबरन' वसूली

### सरकार ने एंटी एक्सटॉर्शन सेल का गठन किया,आरोपियों के खिलाफ ऐक्शन लेगी

**इम्फाल (एजेंसी)।** मणिपुर में जातीय हिंसा 3 मई 2023 को शुरू हुई थी। इसके 16 महीने बीत चुके हैं। इस दौरान राज्य में जबरन वसूली की घटनाएं बढ़ी हैं। कई गैंग-गिरोह हैं जो जबरन वसूली करके अंडरग्राउंड हो जाते हैं। अब इनसे निपटने के लिए मणिपुर पुलिस ने स्पेशल सेल एंटी एक्सटॉर्शन सेल का गठन किया है। सीबीआई इंटेलीजेंस के. कबीब ने कहा- राज्य से निकले नेशनल हाइवे से गुजरने वालों ट्रकों से अवैध टैक्स वसूला जा रहा है। डोनेशन के नाम पर व्यापारियों, एजुकेशन इंस्टीट्यूट और आम लोगों को परेशान किया जा रहा है। उनसे जबरन वसूली की जा रही है। इसका असर इकोनॉमिक एक्टिविटी पर भी दिख रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस जबरन वसूली करने वालों के खिलाफ सख्त एक्शन ले रही है। कई अंडरग्राउंड गैंग और गिरोह किडनैपिंग, ग्रेनेड अटैक और फोन पर धमकी देने के मामलों में शामिल हैं। इन एक्टिविटी के जवाब में पुलिस ने डीसीपी (लॉ एंड ऑर्डर) की लीडरशिप में एंटी एक्सटॉर्शन सेल बनाई है। इसमें सभी जोन के एसआईटी सदस्य हैं। 15 क्रैक टीमें, 16 पुलिस-सीआरपीएफ की कंपनियां तैनात कबीब ने कहा- एंटी एक्सटॉर्शन सेल पूरे राज्य में हो रही जबरन वसूली विरोधी कैंपेन मॉनिटरिंग और सुपरविजन करेगी। जिला पुलिस ने अन्य सिक्योरिटी एजेंसियों की मदद से 15 क्रैक टीमें तैयार की हैं। उन्होंने कहा कि बीते एक साल में जबरन वसूली करने वाले 121 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही अंडरग्राउंड गैंग-गिरोह के 215 से अधिक सदस्यों को भी गिरफ्तार किया गया है। नेशनल हाईवे पर आवश्यक वस्तुओं के आवागमन में परेशानी परेशानी ना हो इसके लिए पुलिस ने सीआरपीएफ की मदद से एनएच-2 पर रोड ओपनिंग पार्टी के लिए 16 कंपनियों को तैनात किया है। ट्रकों की सुरक्षा के लिए दो अतिरिक्त कंपनियां भी तैनात की गई हैं। मोबाइल टीमें भी की गई तैनात कबीब ने कहा कि जबरन वसूली के हॉटस्पॉट तलाशने के लिए मोबाइल टीमें तैनात की गई हैं।



## ईरान के सैन्य ठिकानों पर हमला कर सकता है इजराइल


- ईरान ने भी धमकाया,अरब देशों से कहा-हम पलटवार करेंगे

**तेहरान (एजेंसी)।** ईरान ने हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह की मौत का बदला लेने के लिए 1 अक्टूबर को इजराइल पर 200 मिसाइलें दागी थीं। अमेरिका को शक है कि इसका बदला लेने के लिए इजराइल अब ईरान के सैन्य ठिकानों को निशाना बना सकता है। अमेरिकी मीडिया हाउस ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से ये जानकारी दी है। रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका को नहीं लगता कि इजराइल पलटवार में ईरान के न्यूक्लियर ठिकानों को निशाना बनाएगा। हालांकि, ईरान के एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर पर अटैक की आशंका भी जताई गई है। वहीं, ईरान ने अमेरिका और मिडिल ईस्ट के कुछ देशों को कहा है कि अगर इजराइल ने हमला किया तो वे जवाब जरूर देंगे। ईरान से तनातनी के बीच नेतन्याहू आज फिर से कैबिनेट की मीटिंग करेंगे। इसमें ये चर्चा की जाएगी कि हमले पर पलटवार कैसे करें।




## तमिलनाडु रेल हादसा

# इंटरलॉकिंग सिस्टम में खामी की आशंका



### एक्सपर्ट बोले-इस खामी के बारे में रेलवे में सब जानते हैं,कोई स्वीकार नहीं करता

**चेन्नई (एजेंसी)।** तमिलनाडु में कवरपेट्टई स्टेशन पर यात्री ट्रेन की मालगाड़ी से टक्कर मामले में रेलवे ने जांच का आदेश दिया है। रेलवे सुरक्षा के एक अधिकारी ने शनिवार को दुर्घटनास्थल का निरीक्षण किया। वहीं, विशेषज्ञों ने इसे बालासोर-2 बताते हुए इंटरलॉकिंग प्रोसेस में खराबी से हादसे की आशंका जताई है। उत्तर रेलवे में मुख्य सिग्नल एंड कम्युनिकेशन इंजीनियर के पद से रिटायर हुए केपी आर्य ने कहा, 'ट्रेन इंटरलॉकिंग पॉइंट पर पटरी से उतर गई। यह इंटरलॉकिंग प्रोसेस में इंजीनियरिंग की खामी है, जिसके बारे में रेलवे में सभी जानते हैं, पर कोई आधिकारिक रूप से स्वीकार नहीं करता।' वहीं, इंडियन रेलवे लोको रनिंगमैन ऑर्गनाइजेशन के कार्यकारी अध्यक्ष संजय पांधी कहा, 'बालासोर में सिग्नल मरम्मत का काम खत्म होने के तुरंत बाद टक्कर हुई थी। यहां ऐसा कुछ नहीं हुआ था।' उन्होंने कहा, 'ऐसा लगता है कि ट्रैक के कुछ जंग लगने के कारण सिग्नल और इंटरलॉकिंग का कनेक्शन टूट गया होगा।' दक्षिण रेलवे के ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन के अध्यक्ष आर. कुमारेसन ने भी कहा, 'सिग्नलिंग प्रोसेस में आ रही खामियों को दूर करना चाहिए।'



## संक्षिप्त समाचार

### विन्ध्य क्षेत्र से दशहरा के शुअवसर पर 'हमार पार्टी' का आगाज

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (एजेंसी)।** रीवा नगर पालिक निगम रीवा के बोदा माता मंदिर में भण्डारा उपरांत विशेष चर्चा विचार विमर्श के उपरांत यह निर्णय लिया गया है कि अब म.प्र. में हमार पार्टी के नेतृत्व में पूरे म.प्र. में नगरीय चुनाव से लेकर विधानसभा हो या लोकसभा सभी सीटों पर पार्टी अपना प्रत्याशी खड़ा करेगी। घंटो चली बैठक में कई गंभीर प्रश्न उठे उन प्रश्नों का समाधान कैसे किया जाय उसके लिये कई विद्वानों ने अपने-अपने मत रखे। बैठक में कई जिलों के लेखक, अधिवक्ता, पत्रकार, खिलाड़ी, युवा शक्ति, नारीशक्ती के साथ कई राजनीतिक विशेषज्ञ बैठक में अपने अपने विचार का आदान प्रदान किया जिसमें प्रदेश में हो रहे गंभीर राजनीतिक भ्रष्टाचारी खेल पक्ष विपक्ष जिस तरह से मिलकर खेल रहा उसका भुक्तभोगी आम नागरिक हो रहा है। पार्टी आने वाले समय में पूरे प्रदेश एक ''जनसंवाद घर घर'' के माध्यम से समस्याओं का निराकरण हेतु अधिकारियों/कर्मचारियों के समक्ष संवाद कर निराकरण करने हेतु सड़कों पर उतरना पड़ेगा तो सड़कों पर उतरेगी। अन्त में बैठक का संचालन कर रहे मध्यप्रदेश के प्रभारी माननीय एड.चित्रसेन साहू ने सभी गणमान्य सदस्य जो सैकड़ों किलोमीटर से बैठक में शामिल हुये और अपनी बात गंभीरतापूर्वक रखी उसके लिये उनका साधुवाद ज्ञापित करते हुये सभी सदस्यों ने एक स्वर में पार्टी के उज्जवल भविष्य की कामना करी है।

### अतिथि शिक्षकों के बाद अब अतिथि विद्वान देंगे धरना




**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** अतिथि शिक्षकों के बाद अब 16 अक्टूबर को अतिथि विद्वानों द्वारा भोपाल में प्रदर्शन किया जाएगा। इन्हें रैली निकालने की अनुमति नहीं है लेकिन ये राजधानी के नीलम पार्क में धरना, प्रदर्शन कर सकेंगे।

अतिथि विद्वान नियमितीकरण संघर्ष मोर्चा ने एक माह पहले मोहन यादव सरकार को यह याद दिलाया था कि सरकार ने एक साल पहले जो घोषणाएं की हैं उसे अब तक पूरा नहीं किया गया है। 11 सितम्बर 2023 को पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान द्वारा की गई घोषणा के बाद भी अतिथि विद्वानों को पचास हजार रुपए महीना मानदेय नहीं दिया जा रहा है।मोर्चा ने पिछले माह इसको लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सरकार का ध्यान खींचा था और अब ये प्रदर्शन की तैयारी में जुट गए हैं। भोपाल पुलिस ने इन्हें नीलम पार्क जहांगीराबाद में प्रदर्शन की अनुमति दी है। साथ ही कहा है कि यहां के अलावा कोई रैली, पदयात्रा नहीं निकाली जा सकेगी। अतिथि विद्वानों के लिए ये घोषणाएं की थीं पूर्व सीएम ने जो अधूरी हैं अब कार्य दिवस के बजाय मासिक वेतन 50 हजार रुपए मिलेगा।अतिथि विद्वानों को शासकीय सेवकों के समान अवकाश सुविधा मिलेगी। अतिथि विद्वानों को पास के महाविद्यालय में स्थानांतरण की सुविधा मिलेगी। पीएससी की परीक्षा में संशोधन करके 25 प्रतिशत अंक अतिथि विद्वानों के लिए आरक्षित होंगे। हर वर्ष चार और अधिकतम 20 अंक दिए जाते थे, इसे बढ़ाकर 10 प्रतिशत अंक दिए जाएंगे। कोई भी अतिथि विद्वान जो लगातार पढ़ाने का काम कर रहा है उसे बाहर नहीं किया जाएगा।

### ऋषि इंटरप्राइजेस एवं प्रीति होम एप्लाइंसेस भोपाल के संस्थानों में घरेलू गैस सिलेण्डर जब्त

भोपाल। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविन्द राजपूत के निर्देशानुसार अवैध गैस रिफलिंग तथा घरेलू गैस के दुरूपयोग की शिकायतों पर जांच एवं सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आज 30 सितंबर को जिला खाद्य कार्यालय भोपाल के अधिकारियों द्वारा अशोका गार्डन स्थित ऋषि इंटरप्राइजेस एवं प्रीति होम एप्लाइंसेस भोपाल के संस्थानों पर जांच की कार्रवाई की गई। जिला आपूर्ति नियंत्रक भोपाल सुश्री मीना मालाकार ने जानकारी दी है कि ऋषि इंटरप्राइजेस के यहां एक घरेलू गैस सिलेण्डर, एक व्यवसायिक गैस सिलेण्डर आंशिक भरे हुए, सात खाली सिलेण्डर एवं 5 गैस अंतरण यंत्र जब्त किये गये। इसी तरह प्रीति होम एप्लाइंसेस भोपाल के यहां 13 घरेलू गैस सिलेण्डर, जिसमें 10 भरे, एक आंशिक भरा और 2 खाली, 5 किलोग्राम के अमानक स्तर के 7 खाली गैस सिलेण्डर, 5 किलोग्राम के व्यवसायिक गैस सिलेण्डर एक आंशिक भरा, 3 किलोग्राम के अमानक स्तर के 2 खाली सिलेण्डर, एक तौल कांटा और 2 गैस अंतरण यंत्र जब्त किये गये।


# सीएम मोहन यादव बोले- बिहार में सदैव सम्राट कार्यकाल रहा, बीच में कुछ भिखमंगे आ गए; सूरत में की बिहार के डिप्टी सीएम की तारीफ




**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सूरत में कहा, 'मैं कितना भाग्यशाली हूं, बिहार से हमारे उपमुख्यमंत्री सम्राट आए हैं। वैसे तो बिहार में सदैव सम्राट का ही कार्यकाल रहा है, बीच में कुछ भिखमंगे आ गए तो उनकी बात छोड़ दो... बाकी राज्यों का नाम अपने-अपने कारण से होगा, लेकिन एक ही देवता के नाम पर राज्य जाना जाता है वृंदावन बिहारी लाल की जय, वो केवल बिहार है।'सीएम सूरत के इंडोर स्टेडियम में जल संचय-जनभागीदारी-जन आंदोलन कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की तारीफ में यह बात कही। कार्यक्रम में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल, गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल, राजस्थान के सीएम भजन लाल शर्मा भी शामिल हुए।

**गांधी-पटेल के कामों को मोदी ने आगे बढ़ाया:** गुजरात के बारे में बात करते हुए सीएम यादव ने कहा, 'महात्मा गांधी जी ने आजादी के संघर्ष के लिए कदम बढ़ाए, लेकिन देश को एकजुट करने के लिए जिन्होंने रोल अदा किया, ये सरदार वल्लभ भाई पटेल की धरती है। 600 से ज्यादा रियासतों को एकजुट रखकर दुनिया में भारत को समर्थ बनाने की दिशा में पहला कदम उठाया। लेकिन, दुर्भाग्य से सरदार पटेल, महात्मा गांधी के कामों को आगे बढ़ाने वाले कोई मिले नहीं। 2014 में एक मिले, जिसे दुनिया नरेंद्र मोदी के नाम से जानती है।'

**नदियों का मायका है एमपी:** सीएम ने कहा, 'अगर नदियों का मायका कोई है, तो वो मध्यप्रदेश है। पीएम नरेंद्र मोदी का धन्यवाद नर्मदा के माध्यम से गुजरात से राजस्थान को पानी दिया। हर वो राज्य जहां से बड़ी - बड़ी नदी जा रही है, वो मध्यप्रदेश की बेटी है। मध्यप्रदेश में लगभग साढ़े तीन हजार गांवों के लिए साढ़े तेरह हजार लोगों ने संकल्प लिया। हमारी सरकार बनने के बाद बीती गर्मी में हमने जल गंगा अभियान चलाया था। इसमें 10 हजार से ज्यादा पोखर, तालाब, कुएं, बावड़ी पर काम किया गया।'




**20 साल का एमपी-राजस्थान का झगड़ा सुलझा:** सीएम ने कहा, 'मैं इस अभियान में मध्यप्रदेश सरकार की ओर से कदम से कदम मिलाकर चलने का आश्वासन देता हूं। हमारा और उत्तरप्रदेश का केन - बेतवा नदी जोड़ो अभियान पीएम मोदी के नेतृत्व में जल शक्ति मंत्री के आशीर्वाद से पूरा होने वाला है। इसके अलावा पिछले 20 साल से राजस्थान और मध्यप्रदेश का झगड़ा चल रहा था, हमारी चंबल - पार्वती - कालीसिंध पीकेसी योजना के लिए कोई निराकरण नहीं कर पा रहा था। राजस्थान के सीएम भजनलाल और मैं साथ में बैठे। पीएम मोदी की मंशा थी पाटिल साहब (केंद्रीय जल शक्ति मंत्री) ने वो निर्णय भी कराया। बहुत जल्दी बड़ा काम होने वाला है।

**नदी जोड़ो अभियान में एमपी ने लीड ली:** मोहन यादव ने कहा, 'नदी जोड़ो अभियान में मध्यप्रदेश ने लीड ली है। मध्यप्रदेश पहला राज्य बनने वाला है, जो लगातार दो-दो नदी जोड़ो अभियान को हाथ में लिया है। मध्यप्रदेश पूरे देश में नंबर वन राज्य 'नदी जोड़ो' अभियान में बनेगा, ये उम्मीद है।

## प्रदेश में सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाने, दल गठित कर चलाया गया व्यापक अभियान

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार एवं लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह के निर्देश पर प्रदेश की सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाने के उद्देश्य से दल गठित कर एक व्यापक अभियान चलाया गया, जिसका सत्यापन करने की दृष्टि से वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। इसके आधार पर सड़कों का मरम्मत कार्य 7 दिवस में सुनिश्चित करवाया गया। साथ ही निरीक्षण के दौरान जिन संभागों में सड़कों पर अधिक गड्ढे पाये गये उनसे संबंधित कार्यपालन यंत्रियों एवं ठेकेदारों को कारण बताओ नोटिस जारी किये गये। प्रदेश में 7 से 22 अगस्त तक 15 दिवसीय व्यापक अभियान



चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य प्रदेश की सड़कों की स्थिति का निरीक्षण कर उनकी मरम्मत के लिए आवश्यक कदम उठाना था। लोक निर्माण विभाग द्वारा अभियान का सत्यापन करने के की दृष्टि से अधीक्षण यंत्री स्तर के अधिकारियों को 9 से 15 सितंबर तक विभिन्न जिलों में सड़क निरीक्षण करने के निर्देश दिए थे, जिसकी रिपोर्ट 18 सितंबर को प्रस्तुत की गई। रिपोर्ट के अनुसार निरीक्षण अभियान के दौरान, 15 अधीक्षण यंत्रियों की टीम ने प्रदेश में 10 हजार 645 किलोमीटर सड़कों का रैंडम आधार पर औचक निरीक्षण किया। इसमें कुल 1,362 गड्ढे चिन्हित किए गए, जबकि 57 किलोमीटर सड़कों की डामर की ऊपरी सतह क्षतिग्रस्त पाई गई।

इसके अतिरिक्त 8.80 किलोमीटर लंबाई की सड़कें जल निकासी की कमी के कारण खराब हुईं। अभियान के तहत चिन्हित गड्ढों एवं सड़कों का मरम्मत कार्य 7 दिवस की अवधि में सुनिश्चित कराया गया। निरीक्षण के दौरान जिन संभागों में सड़कों पर अधिक गड्ढे पाए गए, उन क्षेत्रों के 11 कार्यपालन यंत्रियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इन अधिकारियों में श्री अवध बिहारी साहू कार्यपालन यंत्री संभाग, जे.पी. सोनकर कार्यपालन यंत्री पन्ना संभाग, आई.के. शुक्ला कार्यपालन यंत्री टीकमगढ़ संभाग और जी.आर. गायकवाड कार्यपालन यंत्री उमरिया संभाग शामिल है।

## गिग प्लेटफार्म वर्कर्स को संबल योजना का लाभ मिलेगा

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मध्यप्रदेश सरकार ने नीति आयोग की पहल पर राज्य में कार्यरत लगभग 1 लाख गिग प्लेटफार्म वर्कर्स को मार्च 2024 में असंगठित श्रमिकों की श्रेणी में शामिल किया, साथ ही संबल योजना के समस्त लाभ दिये जाने का निर्णय लिया। संबल पोर्टल पर गिग वर्कर्स पंजीयन का कार्य किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि आज बड़े से लेकर छोटे शहरों तक घर-घर में लोगों की इच्छानुसार सामान पहुँचाने एवं सेवा देने वाले सेवा क्षेत्र के अमेजन फ्लिपकार्ट, जोमेटो, ब्लिंकिट, ओला, उबर के सर्विस वर्कर्स की संख्या लाखों में है। इन श्रमिकों के हितों के बारे में निर्णय लेने के लिये केन्द्र सरकार ने नीति आयोग को निर्देशित किया था। संबल पोर्टल पर अब तक 700 से अधिक गिग वर्कर्स का पंजीयन किया जा चुका है। जैसे-जैसे गिग वर्कर्स में इस क्षेत्र में जागरूकता आ रही है वैसे-वैसे पंजीयन में तेजी आ रही है। संबल योजना में शामिल होने के कारण गिग वर्कर्स को भी संबल अंतर्गत अनुग्रह सहायता एवं अंत्येष्टी का लाभ मिल सकेगा। उल्लेखनीय है कि संबल योजना के अंतर्गत पंजीकृत श्रमिक को दुर्घटना में मृत्यु की दशा में रूपये 4 लाख सामान्य मृत्यु की दशा में 2 लाख स्थायी अपंगता पर रूपये 2 लाख तथा आंशिक अपंगता पर रूपये 1 लाख आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। अंतिम संस्कार सहायता के रूप मे रूपये 5 हजार दिये जाने का प्रावधान है। गिग प्लेटफार्म वर्कर्स मेंफूड सप्लाई/वितरण सेवा जैसे जोमेटो, स्वीगी, ईट श्योर फूड पांडा फ्रीलांस सॉफ्टवेयर डेवलपर/आपरेटर (जो अनेक नियोजकों के लिये काम करते हो), फ्रीलांस ग्राफिक डिजाइनर (अनेक नियोजकों हेतु) और फ्रीलांस ट्रेवल अडेन्डेंट्स गाइड एवं संबंधित श्रमिक शामिल हैं।

## बरसात से खराब हुई सड़कों की मरम्मत

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** बरसात के कारण खराब हुई सड़कों की मरम्मत का काम तेजी से कराएँ। सड़कों का काम इस तरह से किया जाए, जिससे आमजन को आवागमन में दिक्कत न हो। साथ ही चौक सीवर लाइनों की सफाई और बंद स्ट्रीट लाइटें दुरूस्त करने का काम भी तत्परता से कराएँ। इन कामों में कोई ढ़िलाई न हो। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने यह निर्देश नगर निगम तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर सोमवार को ग्वालियर शहर के वार्ड-7 के अंतर्गत सती विहार कॉलोनी, वार्ड-6 बम भोले की बगिया, हथियापौर घासमंडी एवं जगनापुरा आदि क्षेत्रों की बुनियादी सुविधाओं का जायजा लेने पहुँचे थे। मंत्री श्री तोमर ने अधिकारियों के साथ



सती विहार कॉलोनी की विभिन्न गलियों का भ्रमण किया। स्थानीय निवासियों द्वारा बरसात से खराब हुईं सड़कों और स्ट्रीट लाइटें बंद होने की ओर ध्यान आकर्षित किए जाने पर श्री तोमर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि खराब सड़कों को तात्कालिक रूप से गिट्टी डालकर यातायात के लिये सुगम बनायें।

साथ ही नई सड़कों के निर्माण के लिए स्टीमेट तैयार करें, जिससे सरकार की योजना के तहत इन सड़कों का निर्माण कराया जा सके। उन्होंने स्ट्रीट लाइटों को अभियान बतौर ठीक करने पर भी विशेष जोर दिया। उपनगर ग्वालियर की हथियापौर एवं जगनापुरा बस्तियों के निरीक्षण के दौरान ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने बम भोले की बगिया से पुलिस चौकी तक सीवर लाइन डालने के निर्देश नगर निगम के अधिकारियों को दिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि बरसात के कारण इस क्षेत्र में जिन लोगों की पाटौरों को नुकसान पहुँचा है, एसडीएम इन सबकी मदद के लिये शासन के प्रावधानों के तहत उचित कार्यवाही करें। श्री तोमर ने हथियापौर नाले के निर्माण कार्य को प्राथमिकता देने की हिदायत भी दी। भ्रमण के दौरान जगनापुरा में स्ट्रीट लाइट एवं नाला निर्माण की माँग क्षेत्रीय निवासियों ने ऊर्जा मंत्री श्री तोमर से की। मंत्री श्री तोमर ने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का तत्परता से निराकरण कर उन्हें अवगत कराने के निर्देश दिए।

## आग में फंसे परिवार का साड़ी से बांधकर रेस्क्यू

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** भोपाल के करोंद इलाके की तीन मंजिला बिल्डिंग में शनिवार-रविवार की दरमियानी रात 3 बजे आग लग गई। थर्ड फ्लोर पर सो रहा एक परिवार लपटों में फंस गया। आग इतनी भीषण थी कि नीचे उतरने का कोई रास्ता नहीं बचा। इसके चलते दीवार पर करीब 30 फीट लंबी सीढ़ी लगा साड़ी से बांधकर 9 लोगों को रेस्क्यू किया गया। इनमें एक बुजुर्ग और 5 बच्चे थे।

घटना करोंद में हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी की है। तीन मंजिला बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर पर मंजूर खान का कबाड़ गोदाम है। आग इसी गोदाम से शुरू हुई और कुछ ही मिनटों में तीसरी मंजिल तक पहुंच गई। पड़ोसियों के फोन करने पर फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया।

फायर फाइटर पंकज यादव ने बताया, 'बिल्डिंग के थर्ड फ्लोर पर जाने का रास्ता आग से घिरा था। ऐसे में परिवार का हाई रेस्क्यू करने का निर्णय लिया गया। करीब 30



फीट ऊपर तक जाने के लिए दमकल की सीढ़ियों को लगाया गया। इसके बाद निशातपुरा थाने के आरक्षक योगेश सिंह इसी सीढ़ी पर चढ़कर छत पर पहुंचे और परिवार के सदस्यों को बाहर निकाला।

फिर पड़ोसी जिम संचालक मो. रजी ने एक के बाद एक लोगों को साड़ी से अपने शरीर से बांधा और सीढ़ियों से उतारा।'

पंकज यादव ने बताया कि बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर पर गोदाम चलाने वाले मंजूर खान का ही परिवार थर्ड फ्लोर पर रहता है। आग की वजह से 60 वर्षीय इकराम खान, हीना, शाहीन बी, हुमैरा बी समेत 12 साल का अफरान, 8 साल का सादिल, 5 साल की जुनेरा, 4 साल का यामीन और 6 महीने की हालिमा ऊपरी मंजिल पर फंसे थे।

इकराम दिव्यांग हैं। सबसे पहले उन्हीं को नीचे उतारा गया। इसके बाद बाकी सदस्यों को निकाला।

करोंद इलाके की तीन मंजिला बिल्डिंग में आग लगने की जानकारी मिलते ही पुल बोगदा, फतेहगढ़, छोला और गांधीनगर से 10 से अधिक दमकलें और पानी के टैंकर मौके पर पहुंचे। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। इस दौरान पूरे इलाके की बिजली बंद करा दी गई थी।तीन मंजिला मकान के गोदाम में आग कैसे लगी, इसकी पुष्टि फिलहाल नहीं हो पाई है। प्रारंभिक तौर पर शॉर्ट सर्किट को इसकी वजह माना जा रहा है। पटाखों की चिंगारी से भी आग लगने का भी अंदेशा जताया गया है।

# जिले में हर साल बढ़ रहे एचआईवी पॉजिटिव मरीज



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** जिले में एचआईवी पॉजिटिव बीमारी का खतरा लगातार तेजी से बढ़ रहा है। जागरूकता के अभाव के कारण शहर व ग्रामीण इलाकों में एड्स तेजी से फैल रहा है। जिला चिकित्सालय कैंपस में संचालित एचआईव्ही उपचार केन्द्र आईसीटीसी के रिकार्ड के अनुसार 600 से ज्यादा मरीज सरकारी दस्तावेजों में अंकित हैं वहीं जानकारों की माने तो वर्तमान में निजी पैथोलॉजी में हो रहे एचआईवी जॉचों में मिल रहें पॉजटिव केसों को अगर जोड़ दे तो ऑकड़ा हजार के पार पहुॅच सकता है।

मध्य प्रदेश शासन द्वारा प्रति वर्ष जागरूकता कार्यक्रम के नाम पर करोड़ों रूपए खर्च किये जाते हैं किन्तु एचआईवी मरीजो की संख्या में विराम नही लग रहा बल्कि वृद्धि दर्ज हो रही है। जो कि समाज के लिये चिंता का विषय बना हुआ है। एड्स के मरीजों की तादाद लगातार बढ़ रही जिसको देखते हुए विभाग द्वारा सर्वे कराया गया। जिसके द्वारा पता चला कि उक्त बीमारी परदेशियों से सीधी में लाई गयी फिर धीरे धीरे स्थानीय स्तर पर बीमारी पॉव पसारना प्रारंभ की है। एचआईवी पाजीटिव मरीजों में लगातार इजाफा होने से स्पष्ट है कि सीधी जिले में एड्स का कहर तेजी से बढ़ रहा है। एड्स कंट्रोल सोसाइटी व स्वास्थ्य विभाग चिहिंत मरीजों को ट्रीटमेंट दे रहा है।

**पॉजिटिव महिला परोस रही बीमारी:** जिला मुख्यालय में पर्दे के पीछे चमड़ी का व्यापार जोरों पर चल रहा है। उक्त धंधे में मुनाफा अधिक होने के चलते कई रसूखदार भी इन दिनो इस व्यापार में मौजूदगी दर्ज करा रहे हैं। वहीं अपुष्ट सूत्रो से मिली जानकारी के आधार पर बताया गया कि जिला मुख्यालय में एक सेक्स वर्कर भी इस बीमारी की गिरफ्त में हैं। बीमारी से अवगत होने के बाद भी उक्त महिला बीमारी को अन्य लोगों तक पहुॅचा रही है। एचआईवी का कोई स्थायी इलाज नहीं है इसलिए उक्त चर्चा सामने आने के बाद उन लोगों में डर का माहौल बन गया है। वहीं चिकित्सकों ने उक्त विषय पर अपनी राय रखते हुए बताया कि सही समय पर जॉच व उपचार प्रारंभ करना ही समझदारी है।

**अनपढ़ता और जागरूकता का अभाव है कारण:** एचआईवी पाजीटिव मरीजों की संख्या को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला चिकित्सायल कैंपस मे एआरटी सेंटर एवं आईसीटीसी संचालित किया गया है। जिसके माध्यम से संक्रमित मरीजो को उचित सलाह, सुरक्षा सावधानी एवं उपचार मुहैया कराया जाता है। शासन से जारी दिशा निर्देश का पालन करते हुए उक्त मरीजों की जानकारी पूरी तरह से गोपनीय रखी जाती है। ऐसे में अगर किसी व्यक्ति में लक्षणो का पता चलता है वह बिना किसी संकोच के आईसीटीसी सेंटर पहुॅच कर जॉच करा सकता है। चिकित्सको की माने तो उक्त बीमारी लगातार फैलने की मुख्य वजह अनपढ़ता और जागरुकता का अभाव है।

**एचआईवी/एड्स कैसे फैलता है:** एचआईवी संक्रमित व्यक्ति के साथ असुरक्षित यौन संबंध से। एचआईवी संक्रमित सीरिंज या सुइयों के इस्तेमाल से। झएचआईवी रक्त चढ़ाने से। एचआईवी संक्रमित माता से उनके आने वाले संतान में एचआईवी संक्रमण फैल सकता है।

**एड्स की कैसे करें रोकथाम:** संयम रखें जीवन साथी के प्रति रहें वफादार। केवल जांच किए रक्त और उत्पादों का ही प्रयोग करें।

स्वास्थ्य विभाग इस रोग को रोकने के लिए लोगों को इसके खतरे और बचाव के बारे सामग्री भी उपलब्ध करा रहा है। गर्भवती माता अगर सही समय पर जॉच करा ले तो उक्त बीमारी का खतरा आने वाली संतान में पहुॅचने से रोंका जा सकता है। एचआईवी पाजीटिव मरीजों की जानकारी पूरी तरह से गोपनीय रखी जाती है। ऐसे में सुरक्षा सावधानी एवं सही समय पर उपचार प्रांरभ करना ही एचआईवी से बचाव का सबसे बड़ा शस्त्र है।
**डॉ. हिमेश पाठक,** नोडल अधिकारी एड्स कंट्रोल सोसाइटी।

सरकार द्वारा लाइसेंसी ब्लड बैंकों से लें रक्त। केवल नई सीरिंज और सुइयों का प्रयोग करें। यह रोग माता से बच्चे में न फैलने पाए इसकी रोकथाम के लिए उपलब्ध सेवाओं का प्रयोग करें। यौन जनित संक्रमण होने पर सरकारी अस्पताल में उपचार कराएं।

# सीधी के गुरुद्वारा साहिब भवन में लगी आग



## गुरु ग्रंथ, साहित्य और सामग्री जलकर खाक; एक घंटे में पाया आग पर काबू

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** सीधी शहर में गुरुद्वारा साहिब भवन में अचानक शार्ट सर्किट की वजह से आग लग गई, जिसकी वजह से चारों ओर धुएं के गुबार बन गए। जानकारी लगते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। इसके बाद लोगों ने मिलकर आग पर 1 घंटे में काबू पा लिया।

दरअसल यह पूरा मामला रविवार की सुबह 9 बजे का है। जहां लोग गुरुद्वारा साहिब में अपनी पूजा करने के बाद जा रहे थे। तभी अचानक उन्हें गुरुद्वारा साहिब में धुंआ उठता दिखा। इसके बाद लोगों ने अंदर जाकर देखा तो अंदर कमरे में आग लगी हुई थी।

जानकारी लगते ही आसपास के क्षेत्र के सैकड़ों लोग मौके पर एकत्रित हो गए और नगर पालिका सीधी को इसकी सूचना दी गई। यहां से निकल रहे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के करीब 20 कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए और आग पर काबू पा लिया।

**जनहानि होने से बची:** थाना प्रभारी कोतवाली अभिषेक उपाध्याय ने बताया है कि शार्ट सर्किट आग लगने की आशंका है। फिलहाल हम मामले की जांच कर रहे हैं। आग में कोई जनहानि नहीं हुई है। समय रहते ही आसपास के लोगों ने अंदर फंसे सभी लोगों को बाहर निकाल लिया था।

# वर्ष बाद भी खाली नही हो सका एफ-1 शासकीय आवास

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** जिला चिकित्सालय कैंपस स्थित एफ 1 शासकीय आवास को लेकर विवाद थमने का नाम नही ले रहा है। विभागीय बरती जा रही लापरवाही इन दिनो गली मोहल्ले में चर्चा का विषय बनी हुई है। उक्त आवास की लड़ाई जिला स्वास्थ्य विभाग से निकल कर स्थानीय जन प्रतिनिधि एवं जिले के आला अधिकारियों तक पहुॅच गयी है। उसके बाद भी फरवरी 2023 से अक्टूबर 2024 तक कोई ठोस निराकरण या बेदखली की कार्रवाई नही हो सकी है।

विभागी सूत्रों से मिली जानकारी के आधार पर बताया गया कि जिला अस्पताल कैंपस सीधी स्थित शासकीय आवास क्र.एफ1 के अवैध अमिक्रमण से मुक्त कराने हेतु सिविल सर्जन द्वारा लगातार कई बार पत्राचार किया जा चुका है। सीएस द्वारा जिला कलेक्टर से लेकर भोपाल तक पत्राचार माध्यम से मदद की गुहार लगाई गयी किन्तु परिणााम आज तक शुन्यवत ही हैं। वहीं जिला उपखण्ड अधिकारी द्वारा उक्त प्रकरण की सुनवाई करते हुए 3 अक्टूबर 24 को एक आदेश भी जारी किया गया जिसके माध्यम से अवैध कब्जाधारी को उक्त भवन खाली करने के लिये 7 दिवस का समय दिया गया किन्तु उसके बीत जाने के बाद भी यथास्थिती बनी हुई है। बताया गया कि सिविल सर्जन जिला चिकित्सालय सीधी द्वारा वर्ष 2023 एवं वर्ष 2024 में लिखे गये पत्रो के माध्यम से जिला अस्पताल कैंपस सीधी स्थित शासकीय आवास क्र.एफ1 को रिक्त किये जाने हेतु डॉ.वर्मा को निर्देशित किया गया, किन्तु उनके द्वारा शासकीय आवास रिक्त नहीं किया गया। फ्लस्वरुप जिला अस्पताल में कार्यरत कई विशेषज्ञ, चिकित्सा अधिकारी जो कि जिला मुख्यालय में आवास हेतु पात्र हैं, को आवास आवंटित की कार्यवाही नही की जा सकी है तथा उन्हे कठिनाईयों का सामना करना पड रहा है। अनावेदक को पूर्व में सिविल सर्जन सीधी का पत्र क्र मांक 792 दिनांक 20.01.2024, पत्र क्र मांक 11032 दिनांक 29.12.2023, पत्र ₹ मांक 7451 दिनांक 12.09.2023, पत्र क्र मांक 6018 दिनांक 21.07.2023 एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सीधी का पत्र क्र मांक 9908 दिनांक 18.09.2023, पत्र क्र मांक 1273 दिनांक 05.02.2024 तथा सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक का आदेश पृ.क्र मांक 843 दिनांक 22.01.2024 जारी किया जाकर उक्त शासकीय आवास रिक्त करने हेतु निर्देशित किया गया, किन्तु डॉ. वर्मा की पदस्थापना माह फ्रवरी 2023 से मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी सेमरिया मुख्यालय सेमरिया में होने के बावजूद अनोवदक उपरोक्त आवास रिक्त नही किया जा रहा है। अनावेदक उपरोक्त आवास में अवैध रुप से कब्जा किये हुए है।

शासकीय आवास अभी तक रिक्त न कर अवैधानिक कब्जे में रखने के कारण लोक परिसर बेदखली अधिनियम के तहत उक्त शासकीय आवास रिक्त कराये जाने का आदेश जारी किया गया था। जिसके माध्यम से अनावेदक उक्त शासकीय आवास से अपना आधिपत्य सात दिवस के अंदर हटाकर पालन प्रतिवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत करने के लिये कहा गया था, अन्यथा बलात रूप बेदखल कर विरूद्ध विधि अनुसार कार्यवाही की जावेगी।
**नीलेश कुमार शर्मा,** उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास सीधी।

# प्रभारी मंत्री ने पुलिस लाइन में किया शस्त्र पूजन, पुलिस को मिला अत्याधुनिक वज्र वाहन

## विजय का प्रतीक दशहरा हमें हमारी सनातन संस्कृति से जोड़ता है- प्रभारी मंत्री





**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** प्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं सीधी जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल द्वारा दशहरे के पर्व पर पुलिस लाइन सीधी पहुंचकर वैदिक विधि से शक्ति स्वरूपा मां काली की पूजा अर्चना एवं शक्ति, साहस और विजय के प्रतीक के रूप में शस्त्रों का पूजन किया गया। इसके उपरांत अत्याधुनिक वज्र वाहन की सौगत सीधी पुलिस को लोकार्पित की गयी। प्रभारी मंत्री ने असत्य पर सत्य की विजय के पर्व दशहरे की प्रदेशवासियों को बधाई व शुभकामनाएं दी।

इस दौरान राज्यमंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि युग-युग से विजय का प्रतीक दशहरे का पर्व हमें हमारी सनातन संस्कृति से जोड़ता है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में लोकमाता देवी अहिल्या बाई के 300वीं जयंती वर्ष के अवसर पर पूरे प्रदेश, जिला मुख्यलय एवं थाना में लोकमाता को समर्पित दशहरा उत्सव मनाया जा रहा है। लोकमाता देवी अहिल्या बाई ने अपने शासनकाल में राज्य की अभेद्य सुरक्षा के साथ जनता की सेवा और समर्पण का श्रेष्ठ उदाहरण प्रस्तुत किया है। उनके राज्य पर कभी आर₹ मण नहीं हुआ और अखंड भारत की मंगलकामना करते हुए सुशासन के नए प्रतिमान गढ़ते हुए उन्होंने शासन चलाया। उनका जीवन हम सभी के लिए अनुकरणीय और स्मरणीय है। विजयादशमी पर शस्त्र पूजन का सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व है, जो हिंदू सनातन परंपरा से जुड़ा हुआ है। यह व्यक्ति को उसके कर्तव्यों के प्रति जागरूक करता है और अधर्म के खिलाफ लड़ने की प्रेरणा देता है।

उन्होंने कहा कि हमारे यहां देवी देवता भी अपने एक हाथ में शास्त्र और एक हाथ में शस्त्र लेकर चलते थे। हम अपने बच्चों को पढ़ने के लिए दूर-दूर तक भेजते हैं लेकिन समाज एवं राष्ट्र की सुरक्षा के लिए शस्त्र रखना भी अत्यधिक आवश्यक है। आज हम सभी को प्रतिज्ञा लेना चाहिए कि अपने घरों में शस्त्र रखकर समाज की रक्षा का प्रतीक बने। उन्होंने कहा कि भगवान श्री रामचंद्र भी वनवास में अपने हाथ में शस्त्र लेकर ही गए थे। उन्होंने कहा कि आज पुलिस के कारण ही हमारे देश में महिलाएं, बेटियां, बहन सुरक्षित हैं। पुलिस की खाकी वर्दी और हमारी खादी का बड़ा संबंध है। यह न्यायपालिका एवं कार्यपालिका का प्रतीक है, इन दोनों के कारण ही समाज चल रहा है।

**शास्त्र का मतलब विद्वता, शस्त्र का मतलब शक्ति:** सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने कहा कि किसी भी देश को सुरक्षा एवं राष्ट्र का गौरव उसके शास्त्रों एवं शस्त्र के अच्छा होने से माना जाता है। शास्त्र का मतलब विद्वता का है और शस्त्र का मतलब शक्ति से है यह दोनों चीज जिसके पास हैं वह राष्ट्र में किसी भी प्रकार की समस्या से लड़कर अपनी सुरक्षा कर राष्ट्र की सेवा के लिए तत्पर रहेगा। उन्होंने सभी को दशहरा के पर्व की शुभकामनाएं दी हैं। सिहावल विधायक विश्वामित्र पाठक ने कहा कि पहली बार ऐसा हुआ है कि जिले के शस्त्रगार का अवलोकन करने का मौका हम सबको मिला है। निश्चित ही यह हमारे लिए शक्ति का प्रतीक है। राष्ट्र की सुरक्षा के लिए शास्त्र और शस्त्र दोनों साथ में होना आवश्यक है। कार्यक्रम में अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती मंजू सिंह, कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी, पुलिस अधीक्षक डॉ रवींद्र वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमान राज, गणमान्य नागरिक देव कुमार सिंह चौहान सहित जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक एवं पुलिस के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मूर्ति विसर्जित करने गया युवक नदी में डूबा, मौत



## विसर्जन के बाद नहाने उतरा, गहरे पानी में गया

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** सीधी जिले के टिकरी गांव में शनिवार शाम मूर्ति विसर्जित करने गया युवक नदी में डूब गया। मूर्ति विसर्जन करने के बाद वह नहाने के लिए नदी में उतरा था। इसी दौरान तेज बहाव में बह गया। मौके पर पहुंची एसडीईआरएफ की टीम ने उसके शव को रात 9.30 बजे बाहर निकाला। मृतक रिंकू यादव (22) निवासी परासी है। वह शाम करीब 6 बजे मूर्ति विसर्जन करने के बाद नहाने के लिए नदी में उतर गया। आसपास के लोग उसे बचाने के लिए नदी में कूदे। मौके पर पहुंची पुलिस ने एसडीईआरएफ की टीम को बुलाया। एसडीईआरएफ और ग्रामीणों की मदद से उसके शव बाहर निकाला गया।

टिकरी चौकी प्रभारी एएसआई प्रमोद तिवारी ने बताया कि घटना के बाद टीम को सूचना दी थी। मृतक के पिता लाल यादव को सूचना दी गई है।

## प्रभारी मंत्री श्री जायसवाल छत्रसाल स्टेडियम में दशहरा उत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए

# असत्य पर सत्य की विजय का पर्व है विजयदशमी - प्रभारी मंत्री









**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** प्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं सीधी जिले के प्रभारी मंत्री श्री दिलीप जायसवाल ने विजयादशमी के पावन अवसर पर सीधी के छत्रसाल स्टेडियम में आयोजित "दशहरा उत्सव" में सहभागिता की। इस अवसर पर सांसद डॉ. राजेश मिश्रा, सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक, उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद सीधी श्री दान बहादुर सिंह, कलेक्टर श्री स्वरोचिष सोमवंशी, पुलिस अधीक्षक डॉ रवींद्र वर्मा, गणमान्य नागरिक श्री देव कुमार सिंह चौहान सहित पार्षदगण, गणमान्य नागरिक एवं आमजन उपस्थित रहे।

प्रभारी मंत्री श्री जायसवाल ने विजयदशमी के पर्व की सभी को शुभकामनाएं दी और कहा कि दशहरा उत्सव सत्य की विजय का प्रतीक है। सत्य और असत्य की लड़ाई में हमेशा सत्य की विजय होती है। बुराई के साथ कितना भी लड़ाई लड़ो अंतिम में उसे हार मानना ही पड़ता है। गोस्वामी तुलसीदास ने रामचरितमानस में लिखा है कि भगवान श्री राम ने कहीं भी ईश्वरीय चमत्कार नहीं किया बल्कि मानव रूप में ही जीवन को जिया। उन्होंने लोगों के लिए एक आदर्श स्थापित किया है। सत्यता की लड़ाई के लिए अपनी शक्ति का प्रदर्शन हम अपनी रक्षा के लिए कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चे भी रामचरितमानस का पाठ पढ़े। रामचरितमानस में यह बताया गया है कि पिता और पुत्र का क्या संबंध है, माता-पिता का क्या संबंध है, सेवक और स्वामी का क्या संबंध है, कोई भी समाज में छोटा और बड़ा नहीं होता, सभी समरसता के साथ समाज में जीवन यापन करें। भगवान ने माता शबरी के जूठे बैर भी बड़ी श्रद्धा भाव के साथ खाए और उन्हें एक छोटे जाति केवट ने नदी को पार कराया। श्री राम ने वानर सेना के साथ ही अपनी पूरी लड़ाई सत्यता के लिए लड़ी है। हमारे सनातन धर्म में भगवान श्री राम के आदर्शों का पालन करना अत्यंत आवश्यक है तभी समाज सुरक्षित और संगठित रहेगा।

प्रभारी मंत्री ने उपस्थित नागरिकों को विजयादशमी, आने वाले दीपावली और अन्य त्यौहारों के लिए बधाई दी। प्रभारी मंत्री ने कार्यर₹म में भगवान श्रीराम के स्वरूप की आराधना की। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम ऐसे आदर्श थे, जिन्होंने राज परिवार के सदस्यों के साथ अपनी प्रजा से संबंधों का पूर्ण निर्वहन किया। सनातनी संस्कृति का यह सशक्त उदाहरण है।

# सिंगरौली में बुराई के प्रतीक रावण का दहन





## चुन कुमारी स्टेडियम में आयोजित हुआ मुख्य कार्यक्रम, जनप्रतिनिधि और अधिकारी हुए शामिल

सिंगरौली जिले में परंपरागत तरीके से रामलीला का मंचन किया गया और उसके बाद भव्य तरीके से रावण वध किया गया। इस दौरान आतिशबाजी देखने के लिए हजारों की संख्या में स्थानीय लोग भी मौजूद थे। कार्यक्रम बैढ़न के राजमाता चुन कुमारी स्टेडियम में आयोजित किया गया था।

इसके पहले रावण वध का कार्यक्रम रामलीला ग्राउंड पर हुआ करता था। लेकिन इस साल रावण वध का कार्यक्रम चुन कुमारी स्टेडियम में किया गया। इस दौरान स्टेडियम में रामलीला का मंचन किया गया। इसमें भगवान राम ने रावण का वध किया। इसके बाद स्टेडियम में खूबसूरत आतिशबाजी की गई। रावण वध के इस कार्यक्रम में सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह, कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला, एसपी निवेदिता गुप्ता मौजूद रहीं। उन्होंने भगवान राम की आरती उतारी और सबको विजयदशमी की शुभकामनाएं दी। रावण के पुतले का दहन रात 11 बजे किया। रावण वध के बाद हजारों की संख्या में आए लोग जय श्रीराम के नारे लगाए। इस दौरान पुलिस प्रशासन सतर्क नजर आया।

# विचार


## भारतीय महिलाओं की स्थिति दयनीय क्यों


आज हम भले ही 21वीं सदी में जी रहे हों और कहने को हमने महिलाओं को म दिए हैं। लड़कियां पढ़-लिख भी रही हैं लेकिन आज भी हमारे समाज में महिलाओं को दयनीय स्थिति का सामना करना पड़ता है। अगर धर्म के नजरिए से देखें तो हालात तो सभी धर्मों में महिलाओं के प्रति रूढ़िवादी हैं किताबों में महिलाओं को ऊंचा दर्जा दिया गया है। धार्मिक उपदेश हो या संविधान सब जगह महिलाओं को सम्मान दिया गया है लेकिन यह सिर्फ कागजों में या उपदेशों में ही सीमित है। हमारे पुरुष प्रधान समाज में उत्पन्न विकृत सोच ने महिलाओं को सिर्फ वस्तु बना कर रख दिया है। अगर हम देखें कि आज महिलाओं को किन-किन हालातों से गुजरना पड़ रहा है तो हमारे पुरुष प्रधान समाज के रौंगटे खड़े हो जाएंगे। यौन अपराध दिनों-दिन न सिर्फ बढ़ रहे हैं अपितु इसमें बेहद क्रूरता भी आ गई है। हम महिलाओं को शर्म-हया करने की दुहाई देते हैं लेकिन उन पुरुषों की शर्म हया कहां चली गई जब एक 70 वर्षीय व्यक्ति दुकान पर सामान लेने आई 10 वर्ष की बच्ची को छेड़ता है। एक गर्भवती महिला रो-रोकर अपने गर्भवती होने की दुहाई देती है। लेकिन 3 पुरुष फिर भी उससे बलात्कार करते हैं। उन पुरुषों की मानसिकता की हम पशु से भी तुलना नहीं कर सकते क्योंकि पशुओं में इतनी समझ होती है कि वह भी अपनी गर्भवती साथी को वासना का शिकार नहीं बनाते। लेकिन हम कहां और कितने गिर गए कि हमें इसका अंदाजा भी नहीं है। इस डिजिटल युग में हमारे युवा फेसबुक जैसे माध्यमों से लड़कियों को फंसा कर उनका मानसिक और शारीरिक शोषण करते हैं। इसमें निस्संकोच मैं कहूंगा कि ऐसे युवा अपने धर्म बदल कर दूसरे धर्मों की लड़कियों को शोषित करते हैं जो बाद में झगड़े का कारण भी बनता है। रोजाना अखबारों में इस तरह की खबरें आती रहती हैं। कार्पोरेट सैक्टर हो या फिल्मी हीरोइनें सब जगह यौन शोषण एक आम बात हो गई है और हमारा समाज निरंतर गिरता जा रहा है। एक औरत यौन अपराधों के अलावा कहां-कहां अपमानित नहीं होती। उसे ससुराल में प्रताडऩा झेलनी पड़ती है। अगर ससुराल में लोभी और नीच प्रवृत्ति के लोग उसे मिल जाए। यहां महिलाएं ही महिलाओं का शोषण करती हैं। कहीं सास के रूप में कहीं ननद तो कहीं भाभी के रूप में। मैंने देखा है कि लड़की भले ही कितनी भी पढ़ी-लिखी या गुणी हो लेकिन सास-ननदों के अहं के सामने तो सब बेकार हैं और उस हालत में तो उसके साथ और भी बुरा होता है जब उसका पति भी उसे प्रताड़ित करता हो।

# 'मेक इन इंडिया' पहल के 10 साल आज पूरे हो गए!

**नरेंद्र मोदी**

**आज आप में से प्रत्येक का अभिनंदन करने का शानदार अवसर है जिन्होंने इस पहल को अत्यंत सफल बनाया है। आप में से प्रत्येक व्यक्ति अग्रणी, दूरदर्शी और अन्वेषक है जिनके अथक प्रयासों से ही 'मेक इन इंडिया' की सफलता सुनिश्चित हुई है, और इस तरह से हमारा देश वैश्विक आकर्षण एवं जिज्ञासा का केंद्र बन गया है। इस अथक सामूहिक प्रयास से ही एक सपने ने एक अत्यंत प्रभावशाली आंदोलन या मुहिम का रूप ले लिया है। यह एक ऐसा अहम प्रयास था जो दस साल पहले इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य के साथ शुरू हुआ था- विनिर्माण में भारत की प्रगति को और तेज करना, और इसके साथ ही यह सुनिश्चित करना कि हमारा जैसा प्रतिभाशाली राष्ट्र केवल आयातक ही नहीं, बल्कि निर्यातक भी बने।**





पिछले एक दशक पर विचार करते समय मैं इस बात पर गर्व महसूस किए बिना नहीं रह सकता कि 140 करोड़ भारतीयों की अपार क्षमता और कौशल ने हमें कितना आगे बढ़ा दिया है। 'मेक इन इंडिया' की छाप सभी क्षेत्रों में दिखाई देने लगी है जिनमें वे क्षेत्र भी शामिल हैं जिनमें हमने अपनी अमिट छाप छोड़ने का सपना कभी भी नहीं देखा था।

**मैं यहां एक-दो उदाहरण प्रस्तुत करता हूं।**

मोबाइल का विनिर्माण... हम सभी यह जानते हैं कि मोबाइल फोन अब कितने अहम हो गए हैं, लेकिन चौंकाने वाली बात यह है कि वर्ष 2014 में हमारे यहां पूरे देश में केवल दो मोबाइल विनिर्माण इकाइयां थीं। आज यह संख्या बढ़कर 200 से भी अधिक हो गई है। हमारे देश से मोबाइल निर्यात मात्र 1,556 करोड़ रुपये से ऊंची छलांग लगाकर 1.2 लाख करोड़ रुपये के आश्चर्यजनक आंकड़े को छूने लगा है - यह 7500त्न की आश्चर्यजनक वृद्धि को दर्शाता है! आज भारत में इस्तेमाल होने वाले 99त्न मोबाइल फोन सही मायनों में 'मेड इन इंडिया' हैं। हम पूरी दुनिया में दूसरे सबसे बड़े मोबाइल निर्माता बन गए हैं। हमारे इस्पात उद्योग पर एक नजर डालें तो हम विशुद्ध रूप से तैयार स्टील के निर्यातक बन गए हैं, जिसका कुल उत्पादन वर्ष 2014 से लेकर अब तक 50त्न से भी अधिक बढ़ गया है। हमारा सेमीकंडक्टर विनिर्माण क्षेत्र 1.5 लाख करोड़ रुपये से भी अधिक का निवेश आकर्षित करने में सफल रहा है, जिसमें पांच संयंत्रों को मंजूरी दी गई है जिनकी संयुक्त क्षमता प्रतिदिन 7 करोड़ से भी अधिक चिप्स की होगी! नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में हम पूरी दुनिया में चौथे सबसे बड़े उत्पादक देश हैं जिसमें कुल क्षमता केवल एक दशक में 400त्न बढ़ गई है। हमारा इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग जोरदार उछाल के साथ 3 अरब डॉलर का हो गया है, जो वर्ष 2014 में तो एक तरह से अस्तित्व में ही नहीं था। रक्षा उत्पादों का निर्यात मात्र 1,000 करोड़ रुपये से ऊंची छलांग लगाकर 21,000 करोड़ रुपये हो गया है, जो अब तो 85 से भी अधिक देशों में पहुंच गया है। 'मन की बात' कार्यक्रम के दौरान, मैंने एक जीवंत खिलौना उद्योग की आवश्यकता के बारे में बात की थी और हमारे लोगों ने दिखाया कि यह कैसे किया जाता है! पिछले कुछ वर्षों में, हमने निर्यात में जहां 239त्न की वृद्धि देखी है, वहीं, आयात आधे से भी कम हो गया है, जिसका विशेष रूप से हमारे स्थानीय विनिर्माताओं और विक्रेताओं को लाभ हुआ है, छोटे बच्चों का तो कहना ही क्या! =)

आज के भारत के कई प्रतीक - हमारी वंदे भारत ट्रेनें, ब्रह्मोस मिसाइलें और हमारे हाथों में मोबाइल फोन - सभी पर गर्व के साथ मेक इन इंडिया लेबल नजर आता है। इलेक्ट्रॉनिक्स से लेकर अंतरिक्ष क्षेत्र तक, इससे भारतीय प्रतिभा और गुणवत्ता का पता चलता है। मेक इन इंडिया पहल इसलिए भी खास है क्योंकि इसने गरीबों को बड़े सपने देखने और आकांक्षाएं के लिए पंख दिए हैं- इसने उन्हें यह विश्वास दिलाया है कि वे वेल्थ क्रिएटर बन सकते हैं। एमएसएमई क्षेत्र पर इसका प्रभाव भी उतना ही उल्लेखनीय है। एक सरकार के रूप में, हम इस भावना को और भी मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारा एक दशक लंबा ट्रैक रिकॉर्ड अपने आप में बहुत कुछ बोलता है। उत्पादन से संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाएं गेम चेंजर रही हैं, जिससे हजारों करोड़ रुपये का निवेश संभव हुआ है और लाखों नौकरियां पैदा हुई हैं। हमने व्यापार को आसान बनाने के लिए भी खासे प्रयास किए हैं। आज भारत के पक्ष में बहुत कुछ चल रहा है- हम लोकतंत्र, जनसांख्यिकी और मांग का सही मिश्रण हैं। हमारे पास वो सब कुछ है जो वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में एक प्रमुख खिलाड़ी बनने के लिए आवश्यक हैं और जिन्हें व्यापार के लिए एक विश्वसनीय भागीदार में देखा जाता है। हमारे पास सबसे शानदार युवा शक्ति भी है, जिसके स्टार्टअप की सफलता सभी के सामने है। इस प्रकार, माहौल स्पष्ट रूप से भारत के पक्ष में है। वैश्विक महामारी जैसी अभूतपूर्व चुनौतियों का सामना करने के बावजूद, भारत मजबूती से विकास की राह पर बना हुआ है। आज, हमें वैश्विक विकास के नेतृत्व करने वाले के रूप में देखा जा रहा है। मैं अपने युवा मित्रों से आह्वान करता हूं कि वे आएं और मेक इन इंडिया को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में हमारा साथ दें। हम सभी को उत्कृष्टता के लिए प्रयास करना चाहिए। गुणवत्ता प्रदान करना हमारी प्रतिबद्धता होनी चाहिए। जीरो डिफेक्ट हमारा मंत्र होना चाहिए। हम मिलकर एक ऐसे भारत का निर्माण कर सकते हैं जो न केवल अपनी आवश्यकताओं को पूरा करेगा, बल्कि विश्व के लिए विनिर्माण और नवाचार का केंद्र भी बनेगा।

# संरक्षित हों तीर्थस्थल की हिन्दू वंशावलियों की पंजिका

**अशोक मधुप**



हिंदू तीर्थस्थल धार्मिक मान्यताओं और पूजन अर्चन के लिए विख्यात है। इन सब कार्य को इन स्थलों के ब्राह्मण पंडित कराते हैं। ये ब्राह्मण पंडित पंडा कहे जाते हैं। ये पंडा सदियों से एक कार्य करते और कराते आ रहे हैं। ये पंडा अपने पास आने वाले यजमान (भक्तों) के परिवार का इतिहास अपनी बहियों में संजोते जा रहें हैं। ये काम सदियों से अनवरत रूप से जारी है। ये हिन्दू वंशावलियों की पंजिकाएं ऐतिहासिक धरोहर हैं। आज इनके संरक्षण की आवश्यक्ता है। इनके संजोकर रखने की जरूरत है। हिंदू परिवारों को इस बारे में बहुत कम या न के बराबर जानकारी है। उन्हें पता भी नही कि इन स्थानों पर उनके परिवार का इतिहास संग्रहित है। सदियों से बहियों में ये रिकार्ड व्यापारी के खाते की तरह लिखकर रखा जा रहा है। अधिकतर भारतीयों व वे परिवार जो विदेश में बस गए उनको आज भी पता नहीं कि इन तीर्थस्थल की पंडो की बहियों में उनके परिवार की वंशावली दर्ज है। हिन्दू परिवारों की पिछली कई पीढ़ियों की विस्तृत वंशावलियां इन पंडा के पास संग्रहित हैं। ये पंडा आने वाले यजमान से उसके परिवार की जानकारी नोट करने के बाद उसके हस्ताक्षर कराकर बही में अपने पास रखते हैं। ये पंडा ये बहियां अपनी आने वाली अपनी पीढ़ी को सौंपते जाते हैं। ये बहियां जिलों व गांवों के आधार पर वर्गीकृत की गयीं हैं। प्रत्येक जिले की पंजिका का विशिष्ट पंडित होता है। यहाँ तक कि भारत के विभाजन के उपरांत जो जिले व गाँव पाकिस्तान में रह गए व हिन्दू भारत आ गए उनकी भी वंशावलियां यहाँ हैं। कई स्थितियों में उन हिन्दुओं के वंशज अब सिख हैं, तो कई के मुस्लिम अपितु ईसाई भी हैं। किसी-किसी की सात वंश या उससे भी ज्यादा की जानकारी पंडों के पास रखी इन वंशावली पंजिकाओं से होना साधारण सी बात है।

शताब्दियों पूर्व से हिन्दू पूर्वजों ने हरिद्वार या किसी पावन नगरी की यात्रा की/ तीर्थयात्रा के लिए या/ शव-दाह या स्वजनों के अस्थि व राख का गंगा जल में किया होगा तो वे संबद्ध पंडा के पास गए होंगे। ये पंडा इन आने वालों के रहने खाने तक की व्यवस्था करते हैं। इन पंडाओं ने अपनी पंजिका में वंश-वृक्ष को संयुक्त परिवारों में हुए सभी विवाहों, जन्म व मृत्युओं के विवरण दर्ज किया हुआ हैं। वर्तमान में धार्मिक स्थल पर जाने वाले भारतीय हक्के-बक्के रह जाते हैं जब वहां के पंडित उनसे उनके अपने वंश-वृक्ष को नवीनीकृत कराने को कहते हैं। आजकल जब संयुक्त हिदू परिवार का चलन ख़त्म हो गया है। लोग एकल परिवारों को तरजीह दे रहे हैं, ये पंडित चाहते हैं कि आगंतुक अपने फैले परिवारों के लोगों व अपने पुराने जिलों- गाँवों, दादा- दादी के नाम व परदादा-परदादी और विवाहों, जन्मों और मृत्यु, परिवारों में हुए विवाह आदि की पूरी जानकारी के साथ वहां आएं। आगंतुक परिवार के सदस्य को सभी जानकारी नवीनीकृत करने के उपरांत वंशावली पंजीका को भविष्य के पारिवारिक सदस्यों के लिए व प्रविष्टियों को प्रमाणित करने के लिए हस्ताक्षरित करना होता है। साथ आये मित्रों व अन्य पारिवारिक सदस्यों से भी साक्षी के तौर पर हस्ताक्षर करने की विनती की जा सकती है। इन तीर्थ स्थल के पुरोहितों के पास देश और दुनिया भर के यजमानों का दशकों पुराना लिखित रिकॉर्ड वंशावली के रूप में मौजूद है। किसी यजमान के आने पर चंद मिनटों में ही संबंधित पुरोहित कंप्यूटर से भी तेज गति से वंशावली देखकर उनके पूर्वजों की जानकारी दे देते हैं। पितृ पक्ष के दौरान इन तीर्थ स्थल पर आने वाले लोग अपने तीर्थ पुरोहितों के पास आकर वंशावली में अपने वंश के बारे में जरूर जानते हैं। ये पडे जनपद के हिसाब से हैं। तीर्थ स्थल में पहने वालों को पता है कि किस जनपद के पंडा कौन हैं। किसी दूसरे के यजमान को कोई अन्य पंडा खुद क्रिया-कर्म नहीं कराता। संबधित जिले के पंडा के पास उसे भेज देता है। शताब्दियों से हो रहा ये लेखन भोज पत्रों और ताम्र पत्रों के बाद अब कागज की बहियों पर शुरू किया गया। तीर्थ पुरोहितों के पास सैकड़ों वर्ष पुरानी बहियां आज भी सुरक्षित हैं। तीर्थ पुरोहितों की बहियों में देश भर के राजाओं, महाराजाओं, साधु, संतों, राजनेताओं एवं आम लोगों के परिवारों के वंश लेखन बहियों में मौजूद हैं। अकेले हरिद्वार में 30 हजार से अधिक की संख्या में वंशावली की बहियां सुरक्षित और संरक्षित हैं। इन बहियों में लेखन करने के लिए अलग स्याही तैयार करके तीर्थ पुरोहित वही लेखन करते हैं, जो काफी वर्षों तक सुरक्षित रहती है। इन वंशावलियों में जातियों, गोत्रों, उपगोत्रों का भी जिक्र रहता है। सबसे अहम बात इन बहियों में देखने को मिलती हैं कि तीर्थ पुरोहितों ने लेखन को भेदभाव से दूर रखा है। जहां राजाओं, महाराजाओं की वंशावलियां जिस क्रम में अंकित हैं, उसी क्रम में तीर्थ नगरी में पहुंचने वाले अन्य श्रद्धालुओं की हैं। विभिन्न राजवंशों की मुद्रांए, हस्त लेखन, दान पत्र, अंगूठे और पंजों के निशान बहियों में मौजूद हैं। यहां की वंशावलियों में देश की कई रियासतों के राजाओं के आने के उल्लेख दर्ज हैं।

अक्तूबर 2007 में हमें इंडियन वर्किंग जर्नलिस्ट की एक कांफ्रेंस में बद्रीनाथ जाने का अवसर मिला। मेरे साथ गए मेरे दोस्त नरेंद्र मारवाड़ी भी थे। हम मारवाड़ी के साथ बद्रीनाथ में, अजमेर के महावर वालों की धर्मशाला में चले गए। ये मारवाड़ी के परिवारवालों की धर्मशाला हैं। वहां पंडित जी से बात की। वंशानुक्रम के बारे में बताया। बात करते-करते पंडित जी ने अपनी बही खोलकर उनके गोत्र का विवरण खोला तो पता चला कि मारवाड़ी के पिता जी 41 वर्ष पूर्व यहां यात्रा को आए थे। यात्रा को आने के बाद हुए उनके दो बच्चों का विवरण दर्ज नहीं थे। पंडित जी ने बही देखकर बताया कि 93 साल पूर्व उनके दादा जी बद्रीनाथ आए थे। दोनों के आने की तिथि तक वही में दर्ज थी। उनके हस्ताक्षर भी बही में मौजूद थे। मित्र को अपने बाबा का नाम ज्ञात था। यहां बही से उन्होंने अपने बाबा के पिता उनके भाई, बाबा के दादा और उनके भाइयों आदि का विवरण नोट किया। पंडित जी ने अपनी वही में मित्र से अपने और उनके बच्चे, भाई और भाइयों के बच्चों की जानकारी नोट की। नीचे तारीख, माह, सन डालकर हस्ताक्षर कराए।

# बस्तर के थुलथुली मुठभेड़ में मारे गए 35 नक्सली

## माओवादी बोले- हमने 4 साथियों का अंतिम संस्कार किया, जवानों ने 17 लोगों को पकड़कर मारा







छत्तीसगढ़ में दंतेवाड़ा और नारायणपुर जिले की सीमा पर हुई मुठभेड़ में कुल 35 माओवादी मारे गए हैं। नक्सलियों की पूर्वी बस्तर डिवीजन कमेटी ने प्रेस नोट जारी कर इसकी पुष्टि की है। दैनिक भास्कर ने दो दिन पहले ही बताया था कि, इस मुठभेड़ में कुछ और नक्सली मारे गए हैं। यह अबतक के इतिहास में सबसे बड़ा नक्सल-ऑपरेशन है। पुलिस ने 31 माओवादियों का शव बरामद किया था, जबकि 4 शव नक्सली अपने साथ लेकर चले गए थे। जिनका अबूझमाड़ के जंगल में अंतिम संस्कार कर दिया गया। अब नक्सलियों की पूर्वी बस्तर डिवीजन कमेटी का कहना है कि, 4 अक्टूबर की सुबह तक जवानों ने उन्हें घर लिया था।

**कई जगहों पर हुआ मुठभेड़:** उन्हें जब इस बात का पता चला तो वे मूवमेंट करना शुरू किया। सुबह 6 बजे से 11 बजे के बीच अलग-अलग जगह पर मुठभेड़ हुई थी। जब एक साइड से घिरे तो दूसरी तरफ मूवमेंट किया। लेकिन वहां से भी घिर गए थे।

**पुलिस ने नक्सलियों को पकड़कर मारा:** नक्सल लीडर्स का कहना है कि सुबह 6 बजे से लेकर रात 11 बजे तक रक रुक-रुककर गोलीबारी होती रही। जिसमें रात तक 14 साथी मारे गए थे। जिनके शव को पुलिस ने कब्जे में ले लिया था। नक्सलियों का आरोप है कि रात में 17 साथियों को पुलिस ने पकड़ लिया था। जिन्हें सुबह मार डाला।

दरअसल, साल 2016 में नक्सलियों ने सुकमा जिले के पिडमेल-पोलमपल्ली के बीच एसटीएफ के जवानों पर हमला किया था। इस हमले में एसटीएफ के 7 जवान शहीद हुए थे, जबकि 8 से 10 जवान घायल थे। हमले के बाद नक्सलियों ने जवानों स्र्र्-47 समेत गोलियां लूट ली थी।

वहीं 2003 में भी नक्सलियों ने गीदम पुलिस थाने पर शाम 7 बजे हमला किया था। इस हमले में करीब 3 से 4 जवान भी शहीद हुए थे। पुलिस ने एक नक्सली को भी मार गिराया था। यहां से नक्सलियों ने भारी मात्रा में स्र्र् समेत अन्य हथियार लूट लिए थे।

अब बताया जा रहा है कि नक्सलियों के पास से जो हथियार बरामद किया गया है, उनमें से एक स्र्र् समेत अन्य हथियार गीदम पुलिस थाने से भी लूटा गया था। , पुलिस अधिकारी हथियारों की हिस्ट्री खंगाल रही है। इसके बाद ये हथियार नक्सलियों की कंपनी नंबर 6 को दिया गया था।

पूर्वी बस्तर डिवीजन में नक्सलियों की कंपनी नंबर 6 सक्रिय थी। ये नक्सल संगठन की दूसरी सबसे खतरनाक कंपनी थी। इसमें लड़ाकू ज्यादा थे। हालांकि, अब यह कंपनी लगभग 80 प्रतिशत खत्म हो चुकी है। इस कंपनी के कुछ नक्सली बचे हैं जो मुठभेड़ में घायल हो गए हैं। अब लड़ने योग्य भी नहीं हैं। नक्सल संगठन में बटालियन के बाद कंपनी नंबर 6 के पास सबसे ज्यादा ऑटोमैटिक वेपेंस थे।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह जब ष्ट्ल के दौरे पर थे तो उन्होंने दावा किया था कि 2026 तक बस्तर से माओवादियों का खात्मा कर दिया जाएगा। बस्तर नक्सलवाद की समस्या से आजाद हो जाएगा। शाह के इस दावे के बाद बस्तर में जवान नक्सलियों के ठिकाने में घुसकर उन्हें मार रहे हैं। पिछले 9 महीने में 188 माओवादियों को मार गिराया गया है।

# मानसून की वापसी शुरू, सरगुजा संभाग में गिरेगा रात का पारा



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के उत्तरी हिस्से से दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापसी शुरू हो गई है। शनिवार को मानसून वापसी की रेखा दरभंगा, हजारीबाग, पेंड्रा रोड, नरसिंहपुर, खरगौन, नंदुरबार, नवसारी से होकर गुजरी। इसके चलते सरगुजा संभाग के जिलों में शुष्क हवा सक्रिय होने लगी है।

अगले एक-दो दिन में सरगुजा संभाग में रात का तापमान गिरने लगेगा। अगले 2 दिनों में छत्तीसगढ़ के बाकी हिस्सों से दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापसी के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं। हालांकि रायपुर सहित कई जिलों में दिन का पारा औसत से अधिक है

शनिवार को प्रदेश में मानसून की गतिविधि सामान्य रही। एक-दो स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई।

शनिवार को सुकमा में 40 मिमी, बीजापुर जिले में 40 मिमी , सुकमा जिले के जगरगुंडा , दोरनापाल में 10 मिमी, भोपालपटनम में 10 मिमी ,बड़े बचेली में 10 मिमी बारिश हुई ।

रायपुर समेत कई जिलों में शनिवार को दिन का तापमान सामान्य से अधिक रहा। रायपुर में 35.3 डिग्री तापमान रहा जो औसत से 3 डिग्री अधिक रहा। अंबिकापुर में 32.8 डिग्री तापमान में 3.1 डिग्री अधिक रहा।जगदलपुर में 33.9 डिग्री तापमान रहा जो औसत से 3 डिग्री अधिक रहा।

आज रायपुर में सुबह से ही मौसम साफ है। दिन का तापमान 35 डिग्री और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री के आसपास रहेगा। आने वाले दिनों में रायपुर तक शुष्क हवा पहुंचने से रात के तापमान में कमी आने लगेगी। प्रदेश में पिछले तीन-चार दिनों से बारिश और बादल की स्थिति बनी हुई है।

राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष से मिली जानकारी के मुताबिक 1 जून 2024 से अब तक राज्य में 1174.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है।

राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2024 से आज 12 अक्टूबर की सुबह तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 2444.3 मिमी और बेमेतरा जिले में सबसे कम 609.0 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है।

# रायपुर के साइंस कॉलेज चौपाटी से हटेंगी सभी 60 दुकानें



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** रायपुर स्मार्ट सिटी की तरफ से 5 करोड़ की लागत से जी.ई रोड के किनारे साइंस कॉलेज के पास एनआईटी चौपाटी बनाई गई थी। अब सभी 60 दुकानों को शिफ्ट करने की तैयारी चल रही है। परामर्शदात्री समिति की बैठक में यह फैसला लिया गया है।

रायपुर पश्चिम से बीजेपी विधायक राजेश मूणत ने कहा कि, जिस जगह पर चौपाटी चल रही है, वो पूरा एरिया एजुकेशन हब है। वहां एजुकेशन से संबंधित कोई भी चीजें नहीं बनाई गई है। इसलिए यह एजुकेशन पर्पस से तैयार होना चाहिए। मेरा शुरू से ही उद्देश्य रहा है कि छात्रों का हित होना चाहिए।

विधायक राजेश मूणत ने कहा कि, वहां से किसी को विस्थापित करने की बात ही नहीं है। जिन लोगों को दुकानें दी गई है, वो किराए पर है। 25 हजार से 27 हजार रुपए किराया एक दुकान से वसूल किया जा रहा है। एक तरफ कहा जा रहा है कि, लोग बेरोजगार हो जाएंगे। लेकिन पहले जो दुकान लगा रहे थे उन दुकानदारों को किराए पर नहीं दिया गया। बल्कि स्पेशल ठेका कर दुकानें किराए पर दी गई। शासन को दुकानें जहां शिफ्ट करनी है, उसे वहां शिफ्ट करे। इस पर पूरी बात हो गई है। कैसे शिफ्टिंग करनी है, यह शासन स्तर पर कमेटी बनी है। वह कमेटी अपनी अलग जांच कर रही है।स्मार्ट सिटी के महाप्रबंधक पी.के. पंचायती ने बताया कि, साइंस कॉलेज यूथ हब चौपाटी पर निर्णय के लिए नगरीय प्रशासन संचालक कुंदन कुमार की अध्यक्षता में समिति बनी है। मामला कोर्ट में भी विचाराधीन है, यहां यूथ हब में टेंडर के बाद 60 दुकानों को चलाने दिया गया है, उन्हें जल्द शिफ्ट किया जाएगा। पहले भी राजेश मूणत ने चौपाटी का विरोध किया था। वहीं अब परामर्शदात्री समिति की बैठक में दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश विधायक ने की है। इस मामले में अब एक समिति जांच करेगी और कार्रवाई की जाएगी।

# छत्तीसगढ़ में 400 रुपए के लिए मर्डर, पेंचिस से बुजुर्ग पर किए कई वार

## बिजली का काम कराने के बाद पैसे कम दिए थे



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।**छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले में 400 रुपए के लिए बुजुर्ग की हत्या कर दी गई। शनिवार की रात सोते समय आरोपी ने पेंचिस को धारदार बनाकर सिर पर हमला कर दिया। इससे बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। मामला सिमगा थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, लांजा गांव निवासी शत्रुघ्न जोशी (75 साल) ने अपने घर में बिजली फिटिंग का काम कराया था। आरोपी कृपाराम ध्रुव (33 साल) ने इसके लिए एक हजार रुपए मांगे थे लेकिन शत्रुघ्न ने उसे 600 रुपए ही दिए।

**देर रात घर में घुसकर मार डाला:** आरोपी बाकी के 400 रुपए बार-बार मांग रहा था। कुछ दिन पहले पैसे के लेनदेन को लेकर आरोपी का शत्रुघ्न और उसके परिवार से भी विवाद हुआ था। इसी बात से गुस्साए कृपाराम शनिवार की रात उसके घर में घुस गया। उसने लोहे की पेंचिस को धारदार बनाकर शत्रुघ्न के सिर और कान से पास ताबड़तोड़ वार कर दिए।



**पैसों के विवाद के बाद वारदात:** घटना की सूचना मिलते ही सिमगा थाना प्रभारी योगिता खापर्डे, बाकी अधिकारी और फोरेंसिक की टीम मौके पर पहुंची। शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। आरोपी का पता चलते ही उसे पकड़कर सख्ती से पूछताछ की तो उसने जुर्म कबूल कर लिया। उसने 400 रुपए को लेकर हुए विवाद के बाद हत्या करने की बात कही। मृतक और आरोपी दोनों एक ही गांव के हैं। पुलिस ने आरोपी कृपाराम ध्रुव को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल मामले में आगे की जांच कर रही है।

# छत्तीसगढ़ में दुर्गा पूजा के दौरान अश्लील डांस







## सांस्कृति आयोजन में फूहड़ गानों पर ऑर्केस्ट्रा डांसरों के ठुमके; कार्यक्रम छोड़कर गईं महिलाएं

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ में सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान अश्लीलता थम नहीं रही है। अब सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में दुर्गा पूजा कार्यक्रम के दौरान अश्लील डांस का मामला सामने आया है। इसके चलते महिलाएं और परिवार कार्यक्रम बीच में छोड़कर चले गए। अश्लील डांस का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है।

जानकारी के मुताबिक, नवोदय दुर्गोत्सव समिति की ओर से सरिया के मुख्य चौक स्थित दुर्गा पंडाल के सामने स्कूल ग्राउंड में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस में ऑर्केस्ट्रा की महिला डांसरों को भी बुलाया गया। कार्यक्रम के दौरान महिला डांसरों ने जमकर ठुमके लगाए।

ऑर्केस्ट्रा की महिला कलाकारों का अश्लील डांस उस वक्त हुआ, जब सामने ही पंडाल में नवरात्रि के दौरान दुर्गा मां की पूजा चल रही थी। इस प्रकार के अश्लील डांस को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी है। खासकर महिलाओं और परिवारों ने इस प्रकार के डांस को न सिर्फ अनुचित माना, बल्कि इसे धार्मिक भावना के खिलाफ भी बताया।

महिलाओं का कहना है कि इस प्रकार के कार्यक्रमों में धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों की अवहेलना नहीं होनी चाहिए। उन्होंने भविष्य में इस तरह के आयोजन पर रोक लगाने की मांग की। फिलहाल इसका डांस वीडियो वायरल हो रहा है। दुर्गोत्सव समिति की आलोचना हो रही है।

**एक सप्ताह में तीसरी बार इस तरह की घटना:** प्रदेश में सप्ताह भर में इस तरह की तीसरी घटना है। चार दिन पहले डोंगरगढ़ में मंदिर में ही कपल ने अश्लील हरकत की। वहीं रेलवे स्टेशन पर किन्नरों ने नग्न होकर हंगामा किया। सरगुजा में भी मैनपाट के एक कार्यक्रम में अश्लील डांस किया गया। वहां बिना अनुमति के आयोजन हो रहा था।

# 4 साल के बच्चे को पटक-पटककर मार डाला सौतेले पिता के सामने गिड़गिड़ाती रही मां

## 4 महीने पहले की थी लव मैरिज







**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के कोरबा में सौतेला पिता ने 4 साल के बच्चे को पटक-पटक कर मार डाला। इस दौरान बच्चे की मां वहीं मौजूद थी। करीब 4 महीने पहले ही उसने आरोपी से शादी की थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला उरगा थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, कटघोरा निवासी रामशिला शादीशुदा थी। उसका पति छोड़कर चला गया था। रामशिला का 4 साल का बेटा भी था। उसकी परवरिश और देखभाल को देखते हुए पहरीपारा गांव के रहने वाले मंजीत कुर्रे से लव मैरिज कर ली। शादी के बाद रामशिला का बेटा उनके साथ ही रहता था।

प्रेम विवाह के बाद बच्चों को अपने साथ रखने पर मंजीत अक्सर रामशिला से विवाद करता था। दोनों के बीच झगड़ा होता रहा। मंजीत को पंसद नहीं था कि वह बच्चे को साथ रखें। वह चाहता था कि रामिशला बच्चे को उसके दादा-दादी के पास छोड़ आए। रामशिला इसके लिए तैयार नहीं थी।

मंजीत कुर्रे शनिवार रात गांव के पास ही रावण दहन देखने गया हुआ था। रात करीब 12.30 में शराब के नशे में घर लौटा। आरोप है कि उसने पहुंचते ही रामशिला से बच्चे को लेकर फिर विवाद करना शुरू कर दिया। इसके बाद रामशिला को कमरे से बाहर निकाल दिया। फिर सो रहे बच्चे को उठाया और पटक-पटक कर मार दिया।

इस दौरान दुर्गा पंडाल के पास कुछ ग्रामीण रुके हुए थे। शोर सुनकर वह दौड़कर मंजीत के घर पहुंचे। वहां बच्चा लहूलुहान हालत में जमीन पर पड़ा हुआ था। इसके बाद परिजनों के साथ बच्चे को लेकर कोरबा मेडिकल कॉलेज पहुंचे, वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

वारदात के दौरान मां रामशिला बार-बार बच्चे को छोड़ देने की विनती करते रही, लेकिन आरोपी नहीं रुका। उसने बीच-बचाव करने का प्रयास किया तो आरोपी ने रामशिला से भी मारपीट की। रामशिला को भी घायल हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

कोरबा सीएसपी भूषण एक्का ने बताया कि आरोपी के गिरफ्तार कर लिया गया है। उससे पूछताछ कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। महिला से भी मारपीट की गई है। उसकी हालत फिलहाल ठीक है। अस्पताल में उपचार चल रहा है।

# छत्तीसगढ़ में ट्रैक्टर पलटने से 3 की मौत, 8 घायल, दशहरा देखकर लौट रहे थे

## मृतकों में 16 साल की लड़की भी, 2 गंभीर





**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के जशपुर में रविवार तड़के ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से 3 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में 16 साल की लड़की सहित 2 महिलाएं शामिल हैं। जबकि 8 लोग घायल हुए हैं। सभी लोग दशहरा उत्सव में शामिल होकर लौट रहे थे। हादसे के समय ट्रैक्टर-ट्रॉली में 30 ग्रामीण सवार थे।

हादसा पत्थलगांव थाना क्षेत्र में हुआ है। जानकारी के मुताबिक, दहशरा पर्व के मौके पर ग्राम सुरेशपुर हर्रामार में नाटक का आयोजन किया गया था। जहां पंडरीपानी से ग्रामीण ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार होकर नाटक देखने गए थे। वहां से सभी रविवार तड़के 3 से 4 बजे लौट रहे थे।

इसी दौरान रास्ते में मिर्जापुर गांव के पास ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे ट्रॉली सहित पलट गया। इसके चलते ट्रॉली में सवार लोग नीचे दब गए। हादसा होते देख आसपास के लोग पहुंचे और बचाव कार्य शुरू किया। सभी को एंबुलेंस की मदद से पत्थलगांव स्थित सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया।

वहां डॉक्टरों ने रनिका बाई (16), हिरासो बाई और एक अन्य बुजुर्ग महिला को मृत घोषित कर दिया। बाकी घायलों उपचार जारी है। इनमें 2 की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे के बाद ड्राइवर ट्रैक्टर छोड़कर भाग निकला। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

हादसे में 8 सवार घायल हुए हैं। इनमें भगवती सिदार (15),चन्दन कुंवर (45), सुनीता कोरवा (50) नंदू बाई (40), पुष्पांजली (15), सिरोमती (16), गीता सिदार (21) बुछु राम सभी ग्राम पंडरीपानी निवासी शामिल हैं। घायलों में दो की हालत गंभीर बताई गई है, जिन्हें मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर रेफर किया जा रहा है। थाना प्रभारी विनीत पांडेय ने बताया कि ट्रैक्टर में सवार सभी लोग तमता पंडरीपानी ग्राम के दर्रापारा और ऊपर पारा इलाके के रहने वाले हैं। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया गया है। मृतकों और घायलों के परिजनों को सूचना दे दी गई है। ट्रैक्टर चालक को तलाश कर रहे हैं।

# खड़गे के बेटे ने कर्नाटक सरकार को जमीन लौटाई

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बेटे राहुल एम खड़गे ने कर्नाटक सरकार को पांच एकड़ जमीन लौटाने का फैसला किया है, जो खड़गे परिवार के सिद्धार्थ विहार ट्रस्ट को दी गई थी। राहुल ने यह कदम मैसुरु अर्बन डेवलपमेंट अथॉरिटी (स्ष्ठ) स्कैम की जांच के बीच उठाया है।

यह पांच एकड़ जमीन राहुल खड़गे को कर्नाटक इंडस्ट्रियल एरियास डेवलपमेंट बोर्ड (चद्धष्ठ**पत्रिका**) की तरफ से बागालुर के हाई-टेक डिफेंस एंड एयरोस्पेस पार्क में हार्डवेयर सेक्टर में दी गई थी। उन्होंने यहां पर मल्टी स्किल डेवलपमेंट सेंटर सेटअप करने का प्लान बनाया था।

इससे पहले कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती बी. एम. ने 30 सितंबर को स्ष्ठ को 14 प्लॉट वापस करने की बात कही थी। इसे लेकर सिद्धारमैया ने कहा कि मेरे खिलाफ चल रहे राजनीतिक षड्यंत्र से आहत होकर मेरी पत्नी ने प्लॉट वापस करने का फैसला लिया है।

दरअसल, श्वष्ठ ने 30 सितंबर को मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, उनकी पत्नी, साले और अन्य के खिलाफ परिवारद्धर दर्ज की थी। इससे पहले मैसूरु लोकायुक्त ने 27 सितंबर को सभी के खिलाफ केस दर्ज किया था। लोकायुक्त ने 1 अक्टूबर से मामले की जांच शुरू कर दी है।राहुल खड़गे ने 20 सितंबर को जमीन के



आवंटन की मांग वापस ली थी खड़गे के बेटे और सिद्धार्थ विहार ट्रस्ट के चेयरमैन राहुल खड़गे ने 20 सितंबर को कर्नाटक इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट बोर्ड के ष्टश्वह्र को एक लेटर लिखकर सिविक अमेनिटी साइट पर मल्टी स्किल डेवलपमेंट सेंटर सेटअप करने की रिक्वेस्ट वापस ली थी।

मल्लिकार्जुन खड़गे के छोटे बेटे प्रियंक खड़गे ने ङ्ग पर इस लेटर को शेयर किया। साथ में उन्होंने इस प्रोजेक्ट और अपने ट्रस्ट की डिटेल भी दी।

इस पत्र में राहुल ने कहा कि सिद्धार्थ विहार ट्रस्ट का मकसद स्किल डेवलपमेंट के जरिए नई तकनीकों के क्षेत्र में स्टूडेंट्स और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करना था। इसके जरिए उन स्टूडेंट्स की मदद की जाती जो कॉलेज की पढ़ाई पूरी नहीं कर पाए थे।

उन्होंने आगे कहा कि ट्रस्ट ने चद्धष्ठ**पत्रिका** इंडस्ट्रियल एरिया में इस लोकेशन को इसलिए चुना क्योंकि यह हाई-ग्रोथ इंडस्ट्रीज के करीब है और यहां युवाओं को बेहतरीन अनुभव और मौके प्राप्त हो सकते हैं। उन्होंने यह भी साफ किया कि सिद्धार्थ विहार ट्रस्ट एक पब्लिक एजुकेशनल, कल्चरल और चैरिटेबल ट्रस्ट है, न कि प्राइवेट या फैमिली-रन ट्रस्ट। इस ट्रस्ट के तहत बनाए गए सभी इंस्टीट्यूशन 'नॉट फॉर प्रॉफिट' हैं।

# बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में तीसरी गिरफ्तारी, अब तक 3 आरोपी अरेस्ट, 2 फरार



**नई दिल्ली।** बाबा सिद्दीकी हत्याकांड मामले में मुंबई क्राइम ब्रांच ने तीसरी गिरफ्तारी की है। प्रवीण लोनकर को मुंबई पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्रवीण लोनकार सुबु लोनकार का भाई है, जिसने फेसबुक पोस्ट कर बाबा सिद्दीकी हत्याकांड की जिम्मेदारी ली थी। बाबा सिद्दीकी हत्या मामले मुंबई क्राइम ब्रांच ने सुबु लोनकर को भी अभियुक्त बनाया है। वो फिलहाल फरार है। धर्मराज कश्यप और शिव गौतम पुणे के जिस स्क्रैप की दुकान में काम करते थे उसके साथ ही प्रवीण लोनकर की दुकान है। प्रवीण लोनकर और उसके भाई सुबु लोनकर ने मिलकर शिव प्रसाद गौतम और धर्मराज कश्यप को इस हत्या के लिए हायर किया था। सुबु लोनकर ने आज सोशल मीडिया पर पोस्ट कर बाबा सिद्दीकी की हत्या की जिम्मेदारी बिशोनीई गैंग द्वारा लेने की बात की थी। फिलहाल वह फरार चल रहा है और पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

अजित पवार गुट के नेता बाबा सिद्दीकी की शनिवार रात हुई हत्या मामले में पुलिस सोर्स से बड़ी जानकारी सामने आई है। ये एक कॉन्ट्रैक्ट किलिंग का मामला है, जिसमें हत्याकांड को अंजाम देने वाले लोगों को 2 लाख रुपए दिए गए थे और घटना के बाद और भी पैसे देने का वायदा किया गया था।

ये एक सुपारी किलिंग का मामला है। 2 सितंबर से आरोपी कुर्ला में किराए का कमरा लेकर रह रहा था। आरोपी इस कमरे का 14 हजार प्रति माह किराया दे रहे थे। 4 लोगों ने मिलकर बाबा सिद्दीकी को मारने की सुपारी ली थी। इन लोगों को 50-50 हजार चुकाए गए थे। पंजाब की जेल में बंद रहने के दौरान ये तीनों लोग एक-दूसरे के संपर्क में आए थे। तीनों बिश्नोई गिरोह के एक सदस्य के संपर्क में आए थे, जो पहले से ही जेल में था।

बाबा सिद्दीकी के साथ फायरिंग में दूसरा शख्स जो घायल है, उसका नाम राज निर्मल है। बाबा सिद्दीकी ज़ीशान के ऑफिस के पास एक गरबा के कार्यक्रम में गए थे। उस कार्यक्रम से निकलकर 9 बजे के आसपास ज़ीशान के दफ़्तर गए। ज़ीशान दफ़्तर पर नहीं थे। वो निकल चुके थे इसीलिए बाबा थोड़ी देर दफ़्तर के बाहर ही रुके और अपने गाड़ी की तरफ चले गए, जहां उन पर हमला हुआ।

ज़ीशान और गुरमेल एक दूसरे को जानते थे। इन दोनों को शिव कुमार और धर्मराज कश्यप से मिलाने वाला शख्स कोई और है। मतलब ज़ीशान,शिव कुमार के अलावा पुलिस इस पांचवें शख्स को ढूंढ रही है। बाबा सिद्दीकी की फोटो इन हमलावरों को भेजे गए थे। धर्मराज कश्यप का क्लासिफिकेशन टेस्ट चल रहा है। जैसे ही इस टेस्ट का रिजल्ट पुलिस के हाथ लगेगा, उसे मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया जाएगा।

बाबा सिद्दीकी महाराष्ट्र की सियासत में एक चर्चित चेहरा थे। वह इसी साल कांग्रेस छोड़कर एनसीपी (अजित गुट) में शामिल हुए थे। उन्हें भव्य इफ्तार पार्टियां करने के लिए जाना जाता था, जिसमें सलमान खान, शाहरुख खान जैसे बॉलीवुड के नामचीन सितारे शामिल होते थे। वह 48 सालों तक कांग्रेस में रहे और बांद्रा पश्चिम से तीन बार विधायक भी रहे। वह महाराष्ट्र में राज्य मंत्री भी रह चुके थे।

# हरियाणा के नए सीएम के चुनाव के लिए बीजेपी ने अमित शाह को ऑब्जर्वर लगाया

**नई दिल्ली।** हरियाणा के नए सीएम के चुनाव के लिए बीजेपी ने अमित शाह को ऑब्जर्वर लगा दिया है। उनके साथ मध्यप्रदेश के ष्टरू मोहन यादव भी रहेंगे। भाजपा हाईकमान ने 2022 के बाद अमित शाह को पहली बार किसी राज्य में विधायक दल का नेता चुनने के लिए ऑब्जर्वर बनाया है। मार्च-2022 में शाह ऑब्जर्वर बनकर यूपी गए थे।

हरियाणा के नए ष्टरू का शपथग्रहण समारोह 17 अक्टूबर को पंचकूला में होगा। उससे पहले 16 अक्टूबर को चंडीगढ़ में विधायक दल की मीटिंग बुलाई गई है जिसमें दोनों ऑब्जर्वर मौजूद रहेंगे।

यूं तो भाजपा ने हरियाणा चुनाव में कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सैनी को ष्टरूचेहरा बनाया था लेकिन अब विधायक दल की मीटिंग से पहले अमित शाह को ऑब्जर्वर लगाए जाने से कई तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं।

हरियाणा चुनाव में अमित शाह के सीधे दखल का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले शाह ने ही पंचकूला के एक प्रोग्राम में नायब सैनी को सीएम चेहरा घोषित किया



था। टिकट बंटवारे के दौरान भी शाह आखिरी वक्त तक एक्टिव रहे।

यहां तक कि अहीरवाल बेल्ट में केंद्रीय राज्यमंत्री राव इंद्रजीत सिंह के कट्?टर विरोधी राव नरबीर सिंह तो सीधे अमित शाह से मिलकर टिकट ले आए थे। राव नरबीर बादशाहपुर सीट से विधायक बन चुके हैं और उनके मंत्री बनने के भी चांसेज हैं।

यही नहीं, चुनाव से पहले जब टिकटों का बंटवारा लगभग हो चुका था और केंद्रीय चुनाव समिति में 67 नाम फाइनल हो गए थे, तब शाह ही थे जिन्होंने हरियाणा के नेताओं को दोबारा सर्वे करने के लिए कहा था। उसके बाद नए सिरे से ग्राउंड से फीडबैक कराया गया और उसके बाद टिकटों का ऐलान हुआ।

# अपनी रक्षा के लिए किसी भी हद तक जा सकता है ईरान, विदेशमंत्री ने कहा-इसके लिए कोई लाल रेखा नहीं

**दुबई (एजेंसी)।** इजरायल की तेहरान पर जवाबी कार्रवाई की तैयारियों के बीच ईरान का बड़ा बयान सामने आया है। ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने रविवार को कहा कि वह अपनी रक्षा के लिए किसी भी सीमा तक जा सकते हैं। क्योंकि ईरान को बचाने के लिए "कोई लाल रेखा नहीं" है। ईरान अपने कट्टर दुश्मन इजरायल के किसी भी पलटवार के लिए पूरी तरह तैयार है। बता दें कि ईरान ने 1 अक्टूबर को इजरायल पर 180 मिसाइलों से एक साथ हमला कर दिया था। इसके बाद से इजरायल ने जवाबी हमले की कसम खाई है।



ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने इन आशंकाओं के बीच कहा कि हम अपनी आत्मरक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। अगर किसी को लगता है कि ईरान बिना किसी प्रतिक्रिया के इजरायली हमले को अवशोषित कर लेगा तो यह उसकी भूल है। उन्होंने कहा कि जैसा कि तेहरान ने इस साल की शुरुआत में किया था, जब इजरायल ने आखिरी बार ईरानी मिसाइलों के हमले के बाद तेहरान पर हमला किया था। उसके बाद ईरान ने भी जवाब दिया था।

**हमें अपनी रक्षा के लिए कोई भी लाल रेखा नहीं:** अब्बास ने कहा कि एक बार हम फिर बता दें कि अपने देश की रक्षा के लिए हमारे पास कोई ऐसी लाल रेखा नहीं है, जिसे हम पार नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि अगर इजरायल किसी तरह का हमला करता है तो उसका कड़ा जवाब दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमने हाल के दिनों में अपने क्षेत्र में चौतरफा युद्ध को रोकने के लिए जबरदस्त प्रयास किए हैं। बावजूद हालात सुधर नहीं रहे। इसलिए मैं यह स्पष्ट रूप से कहता हूं कि अपने लोगों और उनके हितों की रक्षा के लिए हमारे पास कोई लाल रेखा नहीं है। बता दें कि तेल अवीव पर 1 अक्टूबर को हुए हमले पर इज़रायली रक्षामंत्री योव गैलेंट ने कहा है कि इज़रायल ईरान पर ऐसे तरीके से हमला करेगा जो "घातक, सटीक और आश्चर्यजनक" होगा।

# '24 घंटे में लॉरेंस बिश्नोई जैसे दो टके के अपराधी के पूरे नेटवर्क को खत्म कर दूंगा', पप्पू यादव ने दिया चैलेंज

**नई दिल्ली।** शनिवार की रात महाराष्ट्र के प्रमुख राजनीतिक दल एनसीपी के नेता बाबा सिद्दीकी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मुंबई के बांद्रा इलाके में जब वह अपने बेटे के ऑफिस से निकलकर कहीं जा रहे थे, इसी दौरान उनपर तीन बदमाशों ने फायरिंग की। कई गोलियां बाबा सिद्दीकी को लगीं, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में उन्हें लीलावती अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। वहीं अब बिहार की पूर्णिया लोकसभा सीट से सांसद पप्पू यादव ने इस पर प्रतिक्रिया दी है। पप्पू यादव ने कहा है कि अगर कानून अनुमति दे तो 24 घंटे में वह लॉरेंस बिश्नोई के पूरे नेटवर्क को खत्म कर देंगे।

दरअसल, एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की गोली मारकर हत्या कर देने की खबर से नेताओं की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। इस बीच पूर्णिया सीट से सांसद पप्पू यादव ने भी सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट करके प्रतिक्रिया दी है। सांसद पप्पू यादव ने एक्स पर लिखा है, 'एक अपराधी जेल में बैठ चुनौती दे लोगों को मार रहा है, सब मुकदर्शक बने हैं। कभी मूसेवाला, कभी करणी सेना के मुखिया, अब एक उद्योगपति राजनेता को मरवा डाला। कानून अनुमति दे तो 24 घंटे में इस लॉरेंस बिश्नोई जैसे दो टके के अपराधी के पूरे नेटवर्क को खत्म कर दूंगा।'



# राहुल गांधी हरियाणा चुनाव में हार से नाराज

**चंडीगढ।** हरियाणा चुनाव में मिली हार पर कांग्रेस की समीक्षा मीटिंग गुरुवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर हुई। इसमें राहुल गांधी ने कहा कि हरियाणा में नेताओं का इंटरेस्ट ऊपर रहा, इस कारण से पार्टी का इंटरेस्ट नीचे चला गया। बैठक में तय किया गया कि हार के कारणों को जानने के लिए फैक्ट फाइंडिंग कमेटी बनाई जा रही है, जो हरियाणा में जाकर नेताओं से चर्चा करके रिपोर्ट हाईकमान को सौपेंगी। कमेटी में कौन-कौन चेहरे शामिल किए जाएंगे, अभी उनके नामों पर चर्चा नहीं हो पाई है। करीब आधे घंटे चली मीटिंग के बाद



कांग्रेस नेता अजय माकन ने हुड्डा-सैलजा के मतभेदों पर कहा कि हार के बहुत सारे कारण हैं, जो चुनाव आयोग से लेकर नेताओं के मतभेद तक हैं। इन्हीं सब कारणों पर चर्चा हुई और आगे भी चर्चा करेंगे। इतना बड़ा उलटफेर, एग्जिट पोल जो कह रहे थे, बड़े से बड़ा सर्वे जो कह रहे थे, सभी के सभी एक साथ गलत साबित कैसे हो सकते हैं। आधे घंटे की मीटिंग में इस मामले में किसी निष्कर्ष तक नहीं पहुंचा जा सकता है। आज की मीटिंग में हमने आगे की रणनीति पर चर्चा की है। आगे जो भी होगा, उसकी जानकारी केसी वेणुगोपाल देंगे। इस मीटिंग में हरियाणा के पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा और प्रदेश अध्यक्ष उदयभान को भी बुलाया गया था, लेकिन वे नहीं आए। इस मीटिंग में सिरसा सांसद कुमारी सैलजा और राज्यसभा सांसद रणदीप सुरजेवाला को नहीं बुलाया गया था। लालू यादव के समधी और कांग्रेस नेता कैप्टन अजय यादव को भी मीटिंग में शामिल होने का कोई मैसेज नहीं मिला। मीटिंग ऐसे टाइम पर बुलाई गई, जब सैलजा समर्थक हार के लिए सीधे तौर पर भूपेंद्र हुड्डा को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। असंध से हारे पूर्व विधायक शमशेर गोगी ने कहा कि ये कांग्रेस नहीं बल्कि हुड्डा कांग्रेस की हार है।

# पहली बार लेबनान पर इजरायल के इस हमले के खिलाफ हुआ भारत

नई दिल्ली। (एजेंसी)। भारत ने पहली बार लेबनान पर इजरायल के एक हमले के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र के बयान का समर्थन किया है। भारत ने 'लेबनान में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल' (यूएनआईएफआईएल) में योगदान देने वाले देशों के उस संयुक्त बयान का समर्थन किया है, जिसमें लेबनान में संयुक्त राष्ट्र शांति सेना पर हाल के हमलों की ''कड़ी निंदा'' की गई है। इसमें कहा गया है कि ऐसी कार्रवाइयां तत्काल रोकी जानी चाहिए। शुरुआत में संयुक्त बयान पर 34 देशों ने हस्ताक्षर किए थे। हाल के दिनों में यूएनआईएफआईएल के कम से कम पांच शांति सैनिकों के घायल होने के बाद यह बयान आया है।

बता दें कि इजरायली सैनिकों ने हाल में हिजबुल्ला के खिलाफ अभियान के तहत दक्षिणी लेबनान में हमले शुरू किए थे। इस दौरान संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल के कई कर्मी हमले में घायल हो गए। संयुक्त राष्ट्र में पोलैंड के मिशन द्वारा शनिवार को 'एक्स' पर पोस्ट किए गए संयुक्त बयान में कहा गया, ''हम क्षेत्र में बढ़ती स्थिति के मद्देनजर यूएनआईएफआईएल की भूमिका को विशेष रूप से महत्वपूर्ण मानते हैं। इसलिए हम यूएनआईएफआईएल शांति सैनिकों पर हाल में हुए हमलों की कड़ी निंदा करते हैं। ऐसी कार्रवाइयों को तुरंत रोका जाना चाहिए और उनकी समुचित ढंग से जांच की जानी चाहिए।''

भारत का उल्लेख इस बयान को लेकर शुरू में सह-हस्ताक्षरकर्ताओं में नहीं था। बावजूद भारत ने कहा कि वह संयुक्त राष्ट्र के बयान से पूरी तरह सहमत है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''सैन्य योगदान देने वाले एक प्रमुख देश के रूप में भारत 34 यूएनआईएफआईएल सैन्य योगदान देने वाले देशों द्वारा जारी संयुक्त बयान के साथ पूरी तरह से सहमत है।

शांति सैनिकों की सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है और इसे मौजूदा यूएनएससी प्रस्तावों के अनुसार सुनिश्चित किया जाना चाहिए।'' इससे पहले शुक्रवार को नई दिल्ली में एक बयान में विदेश मंत्रालय ने कहा था कि भारत पश्चिम एशिया के कुछ हिस्सों में ''बिगड़ती'' सुरक्षा स्थिति को लेकर ''चिंतित'' है। शुरुआत में बांग्लादेश, ब्राजील, चीन, फ्रांस, इटली, स्पेन, श्रीलंका और ब्रिटेन समेत 34 देशों ने संयुक्त बयान पर संयुक्त रूप से हस्ताक्षर किए थे।

# इन फिल्मी सितारों को सरेआम उतारा मौत के घाट, बाबा सिद्दीकी से पहले भी खुलेआम हुए हैं मर्डर्स

**नई दिल्ली।** एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की बीते रोज देर रात सरेआम गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस हत्या ने पूरे बॉलीवुड में सनसनी मचा दी। बाबा सिद्दीकी भले ही राजनेता थे, लेकिन फिल्मी दुनिया से उनका खास लगाव था। सुनील दत्त से लेकर शाहरुख खान तक सभी अभिनेता बाबा सिद्दीकी के अच्छे दोस्त थे। सरेआम हुई इस हत्या ने सभी का दिमाग हिलाकर रख दिया है। जहां बॉलीवुड इस हत्या के बाद से सदमे में है, वहीं फिल्मी सितारे भी डरे हुए हैं। लेकिन ऐसा पहली बार नहीं है जब किसी फिल्मी इंसान की गोली मारकर हत्या की गई है। इससे पहले भी 3 फिल्मी सितारों को गोली मारकर मौत के घाट उतारा जा चुका है। इस लिस्ट में संगीत जगत के दिग्ग शामिल हैं।

बीते रोज बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद से बॉलीवुड में गम और खौफ का माहौल है। बाबा सिद्दीकी की अंतिम यात्रा में भी बॉलीवुड सितारों का जमावड़ा लगा रहा। इससे पहले भी फिल्मी दुनिया से जुड़े 3 सितारों की गोली मारकर बेरहमी से हत्या की जा चुकी है।

गुलशन कुमार और सिद्धू मूसेवाला



एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की बीते रोज देर रात सरेआम गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस हत्या ने पूरे बॉलीवुड में सनसनी मचा दी। बाबा सिद्दीकी भले ही राजनेता थे, लेकिन फिल्मी दुनिया से उनका खास लगाव था। सुनील दत्त से लेकर शाहरुख खान तक सभी अभिनेता बाबा सिद्दीकी के अच्छे दोस्त थे। सरेआम हुई इस हत्या ने सभी का दिमाग हिलाकर रख दिया है। जहां बॉलीवुड इस हत्या के बाद से सदमे में है, वहीं फिल्मी सितारे भी डरे हुए हैं। लेकिन ऐसा पहली बार नहीं है जब किसी फिल्मी इंसान की गोली मारकर हत्या की गई है। इससे पहले भी 3 फिल्मी सितारों को गोली मारकर मौत के घाट उतारा जा चुका है। इस लिस्ट में संगीत जगत के दिग्ग शामिल हैं।

1-गुलशन कुमार: बॉलीवुड में संगीत और उसकी पॉपुलरिटी को बुलंदियों तक पहुंचाने वाले संगीत के मास्टर गुलशन कुमार को माना जाता है। गुलशन कुमार ने देश के कोने-कोने तक बॉलीवुड के गानों को पहुंचाया। गुलशन कुमार को ही टी-सीरीज जैसे बड़े बैनर को फर्श से अर्श तक पहुंचाने का श्रेय दिया जाता है। लेकिन गुलशन कुमार की भी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। 12 अगस्त 1997 को गुलशन कुमार सुबह उठकर मंदिर गए थे। हर रोज की तरह गुलशन कुमार ने मुंबई के जीत नजर में स्थित मंदिर में माथा टेका। गुलशन कुमार जैसे ही मंदिर से बाहर निकले तो उनकी गोलियों से भूनकर हत्या कर दी गई। गुलशन कुमार को कुल 16 गोलियां मारी गई थी।

2-सिद्धू मूसेवाला: बीते 2 साल पहले पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला को 29 मई 2022 को गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया गया था। गैंगस्टर गोल्डी बराड़ और लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने इस हत्या की जिम्मेदारी ली थी। पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्या के बाद कला की दुनिया में अलग गुस्सा देखने को मिला था। इस हत्या के बाद सिद्धू मूसेवाला के फैन्स ने विशाल अंतिम यात्रा निकाली थी। सरेआम हुई इस हत्या ने सुरक्षा के मामले में पुलिस भी गंभीर सवाल खड़े किए थे।

3-अमर सिंह चमकीला: पंजाबी सिंगर अमर सिंह चमकीला की जिंदगी पर हाल ही में नेटफ्लिक्स पर फिल्म रिलीज हुई थी। इस फिल्म को इम्तियाज अली ने बनाया था और दिलजीत दोसांझ के साथ परिणीती चोपड़ा लीड रोल में रही थी। फिल्म को लोगों ने खूब पसंद किया था। फिल्म की कहानी पंजाबी सिंगर अमर सिंह चमकीला की थी, जिसने 80 के दशक में धूम मचा दी थी। पंजाबी भाषा में सबसे ज्यादा सुने जाने वाले सिंगर अमर सिंह चमकीला की भी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। साल 1988 में अमर सिंह चमकीला गाने के लिए एक अखाड़े में गए थे, यहां आरोपियों ने उन्हें गोलियों से भूनकर मौत के घाट उतार दिया था।

## भारत के खिलाफ मैच से पहले ऑस्ट्रेलियाई टीम को झटका




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** यूएई में खेले जा रहे आईसीसी महिला टी20 वर्ल्ड कप 2024 में ग्रुप-ए में इस समय सेमीफाइनल में पहुंचने की जंग काफी रोमांचक दिखाई दे रही जिसमें ऑस्ट्रेलियाई टीम की जगह जहां पक्की मानी जा रही है, तो वहीं भारत और न्यूजीलैंड की टीम इस समय रेस में बनी हुई हैं। शारजाह के मैदान पर भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 13 अक्टूबर को मुकाबला खेला जाना है जो दोनों टीमों के लिए काफी अहम है। वहीं इस मैच से पहले ऑस्ट्रेलियाई टीम को एक बड़ा झटका लगा है जिसमें पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले के दौरान चोटिल होने वाली खिलाड़ी तायला व्लामिनक अब इस पूरे टूर्नामेंट से ही बाहर हो गईं हैं।

## रविंद्र जडेजा ने रचा इतिहास

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत और बांग्लादेश के बीच दूसरा टेस्ट मैच कानपुर में खेला जा रहा है। मैच के चौथे दिन भारतीय स्टार ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। दरअसल, उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में अपने 300 विकेट पूरे किए हैं। खालिद अहमद उनका 300वां विकेट रहे। इसके साथ ही जडेजा ऐसा करने वाले भारत के कुल 7वें गेंदबाज और चौथे स्पिनर बने हैं। रविंद्र जडेजा के अलावा टेस्ट में भारत के लिए 300 या उससे ज्यादा विकेट अनिल कुंबले (619), आर अश्विन (524), कपिल देव (434), हरभजन सिंह (417), ईशांत शर्मा (311) और जहीर खान (311) ने लिए हैं। वर्ल्ड क्रिकेट की बात करें तो जडेजा 300 विकेट झटकने वाले दुनिया के 38वें गेंदबाज हैं। इसके अलावा वह भारत के पहले बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाज हैं, जिन्होंने 300 विकेट अपने नाम किए हैं। टेस्ट क्रिकेट में मुथैया मुरलीधरन के नाम सबसे ज्यादा विकेट (800) हैं। इसके साथ ही भारतीय धरती पर जडेजा ने पहला टेस्ट साल 2012 में खेला था। उन्होंने 46 मुकाबले खेले हैं और लगभग 20 की औसत से 219 विकेट लिए हैं। उन्होंने 11 बार 5 विकेट हॉल अपने नाम किए हैं। इस खिलाड़ी का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 7/42 का रहा है। उन्होंने 2 बार दोनों पारियों को मिलाकर 10 विकेट भी लिए हैं। जडेजा ने भारतीय सरजमीं पर सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में कपिल देव (219) की बराबरी कर ली है। वहीं जडेजा के टेस्ट करियर की बात करें तो, उन्होंने अपना पहला टेस्ट 2012 में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में डेब्यू किया था।

## ओलंपिक पदक विजेताओं का सम्मान नहीं करने के लिए उषा ने कार्यकारी समिति के सदस्यों को लताड़ा

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने कहा कि यह 'बेहद चिंताजनक' है कि कार्यकारी समिति के सदस्य ओलंपिक पदक विजेताओं को सम्मानित करने में विफल रहे। उन्होंने वित्त समिति पर पेरिस खेलों की भारतीय खिलाड़ियों की तैयारी के लिए निर्धारित कोष को जारी करने से रोकने का आरोप लगाया। युवा निशानेबाज मनु भाकर के दो ऐतिहासिक कांस्य पदक सहित भारत ने पेरिस खेलों में छह पदक जीते लेकिन उषा ने कहा कि 'कार्यकारी समिति उनकी सफलता का जश्न नहीं मनाना चाहती' और इससे वह 'बेहद दुखी' हैं। उषा ने बयान में कहा, "इन खिलाड़ियों ने देश को गौरवांवित किया है और यह आईओए की जिम्मेदारी है कि वे उस सम्मान के साथ उनकी उपलब्धियों का जश्न मनाएं जिसके वे हकदार हैं। यह बेहद चिंताजनक है कि अगस्त के मध्य में (खिलाड़ियों के) स्वदेश लौटने के बावजूद कार्यकारी समिति इस बारे में चर्चा करने या औपचारिक सम्मान समारोह आयोजित करने की दिशा में कदम उठाने में नाकाम रही है।" उन्होंने खुलासा किया कि ओलंपिक के लिए जाने वाले प्रत्येक खिलाड़ी को दो लाख रुपये और प्रत्येक कोच को एक लाख रुपये का तैयारी अनुदान देने के प्रस्ताव को वित्त समिति, विशेषकर आईओए कोषाध्यक्ष सहदेव यादव ने रोक दिया।

# बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी से पहले टीम इंडिया खेलेगी ये खास मैच, इस टीम से होगा मुकाबला




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। टीम इंडिया नवंबर के महीने में ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी। जहां दोनों टीमों के बीच पांच टेस्ट मैचों की सीरीज खेली जाएगी। इस सीरीज का पहला मुकाबला 22 नवंबर से खेला जाएगा। इस सीरीज के शुरू होने से ठीक पहले भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया में एक खास मैच खेलेगी। जिसका आयोजन ऑस्ट्रेलिया में ही किया जाएगा। यह एक वर्मअप मैच होने जा रहा है। जोकि भारतीय टीम इंडिया ए के खिलाफ खेलेगी। इस मुकाबले का आयोजन 15 से 17 नवंबर तक वाका, पर्थ में किया जाएगा।

क्या होगा वार्मअप मैच का शेड्यूल

इंडिया ए की कप्तानी रुतुराज गायकवाड़ करेंगे। इसके अलावा टेस्ट सीरीज शुरू होने से पहले इंडिया ए की टीम ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दो मैच खेल चुकी होगी। इस टीम में कुछ सीनियर खिलाड़ी भी हो सकते हैं। इंडिया ए और ऑस्ट्रेलिया ए के बीच पहला मुकाबला 31 अक्टूबर से 3 नवंबर तक ग्रेट बैरियर रीफ एरिना में खेला जाएगा। इसके बाद दूसरे मैच का आयोजन 7 से 10 नवंबर तक मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में किया जाएगा।

**जल्द हो सकता है टीम का ऐलान:** बीसीसीआई की ओर से इंडिया ए के स्क्वाड का ऐलान अभी तक नहीं किया गया है। लेकिन उम्मीद है कि एक सप्ताह के अंदर टीम का ऐलान किया जा सकता है। इस बीच, ऑस्ट्रेलिया 'ए' टीम की घोषणा सोमवार (14 अक्टूबर) को मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली द्वारा की जाएगी। इस ऐलान के दौरान कैमरून ग्रीन के बारे में भी अपडेट दी जा सकती है। उनके पीठ की चोट के कारण वह टेस्ट सीरीज से बाहर हो सकते हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के एक अधिकारी ने कहा कि यह एक आंतरिक मैच है, इसलिए यह भारत पर निर्भर करता है कि वह इस खेल का उपयोग कैसे करता है। हो सकता है कि कुछ टेस्ट खिलाड़ी भारत ए के मैचों में खेलें, लेकिन यह फिर बीसीसीआई पर निर्भर करता है। इन दिनों बहुत से देश अभ्यास मैच नहीं खेलते हैं। ऑस्ट्रेलिया ने भारत में पिछली सीरीज से पहले कोई अभ्यास मैच नहीं खेला था।

**भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया टेस्ट सीरीज का शेड्यूल:** पहला टेस्ट - पर्थ (22-26 नवंबर) दूसरा टेस्ट - एडिलेड (6-10 दिसंबर) तीसरा टेस्ट - ब्रिस्बेन (14-18 दिसंबर) चौथा टेस्ट - मेलबर्न (26-30 दिसंबर) पांचवां टेस्ट - सिडनी (3-7 जनवरी)

## भारत के खिलाफ पहले टेस्ट से बाहर रह सकता कीवी टीम का पूर्व कप्तान



### कोच के बयान से मिले बड़े संकेत


**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 16 अक्टूबर से भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला खेला जाएगा जिसको लेकर दोनों टीमों के स्क्वाड का ऐलान कर दिया गया है। कीवी टीम इस टेस्ट सीरीज में टॉम लेथम की कप्तानी में खेलने मैदान पर उतरेगी क्योंकि श्रीलंका के खिलाफ इससे पहले मिली टेस्ट सीरीज में शर्मनाक हार के बाद टिम साउदी ने कप्तानी छोड़ने का फैसला किया था। वहीं भारत के खिलाफ पहले टेस्ट में अब साउदी को प्लेइंग 11 से भी बाहर रखा जा सकता है, जिसके पीछे कारण टीम का कॉम्बिनेशन और साउदी का खराब फॉर्म माना जा रहा है। इसको लेकर कीवी टीम के हेड कोच गैरी स्टीड ने भी अपने बयान से बड़ा संकेत दिया है।

**हम टीम के संतुलन को ध्यान में रखकर लेते फैसला:** न्यूजीलैंड टीम के हेड कोच गैरी स्टीड ने भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले दिए अपने बयान में कहा जो ईएसपीएन क्रिकइंफो की रिपोर्ट के अनुसार उन्होंने कहा कि जैसे हम सभी टेस्ट दौरे और सीरीज के बाद हम रिव्यू करते हैं वैसे ही मेरी और टिम साउदी की आपस में बातचीत हुई थी और उसके बाद ही उन्होंने कप्तानी छोड़ने का फैसला किया था। मैं उनके इस फैसले का पूरी तरह से समर्थन करता हूं। हम अलग-अलग प्लेयर्स को देखना चाहते हैं तो चयनकर्ता और कोच दोनों के लिए काफी अहम होता है क्योंकि से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की उम्मीद की जा सकती है। टिम साउदी एक ऐसे खिलाड़ी हैं जो हमारे लिए शुरुआत करते थे। हम हमेशा ऐसे विकल्पों पर विचार करते हैं जिससे टीम को आगे बढ़ाया जा सके।

**मैट हेनरी और विल ओ रूर्के खेल सकते पहले टेस्ट में:** भारत के खिलाफ बेंगलुरु टेस्ट मैच में न्यूजीलैंड की टीम यदि तीन तेज गेंदबाजों को खिलाने का फैसला करती है तो उस स्थिति में मैट हेनरी और विल ओ रूर्के की जगह पक्की मानी जा रही है, वहीं इसके अलावा तीसरे तेज गेंदबाज के रूप में टिम साउदी और बेन सियर्स में से किसी एक को लेकर किया जाएगा। टिम साउदी का पिछली 11 टेस्ट पारियों में सिर्फ 8 विकेट लेने में कामयाब हो सके हैं, जिसमें उनका औसत 73.12 का देखने को मिला है।

## क्रिकेटर हार्दिक पंड्या से अलग होने के बाद नताशा की जिंदगी में आया ये शख्स!





**नई दिल्लीनई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारतीय क्रिकेट हार्दिक पंड्या और नताशा स्टेनकोविक के अलग होने की खबरें कई समय तक चर्चाओं में रहीं। इसके बाद हार्दिक पंड्या का नाम ब्रिटिश सिंगर के साथ जुड़ा तो अब नताशा भी एक मॉडल के साथ समय बिताती नजर आ रही हैं। दरअसल, नताशा अपने बेटे अगस्त्य को लेकर सर्बिया गई हुई थी। इसी दौरान हार्दिक ने दोनों के अलग होने का ऐलान किया था। नताशा अब भारत वापस आ चुकी है और हार्दिक से दूर वह सेक्का के साथ चिल कर रही हैं। दोनों कभी जिम में साथ नजर आ रहे हैं तो कभी स्वीमिंग पूल में। बता दें कि, सेक्का (एलेक्जेंडर) ने हाल ही में एक वीडियो शेयर किया जिसमें नताशा पूल में फ्लोटर पर आराम करती नजर आ रही हैं। जबकि सेक्का पीछे से आते हैं और उन्हें गिरा देते हैं। अचानक से पानी में गिरते ही नताशा हैरान-परेशान हो गई। इस वीडियो कई लोगो खुद को कमेंट करते हुए नहीं रोक पा रहे हैं। वहीं बता दें कि, नताशा सेक्का को अपना भाई मानती हैं। वह कई मौकों पर सोशल मीडिया पर ये बता भी चुकी हैं। सेक्का भी नताशा की तरह सर्बिया के रहने वाले हैं और भारत में बतौर फिटनेस ट्रेनर और मॉल काम करते हैं।

## रोहित शर्मा ने सिक्स लगाने के मामले में बनाया रिकॉर्ड

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** कानपुर टेस्ट में भारत की शुरुआत बेहद शानदार रही है। वहीं रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल ने टेस्ट मैच में टी20 का तड़का लगाकर सबको हैरान कर दिया। बता दें कि, भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने भले ही टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायमेंट ले लिया है, लेकिन फैंस ने उनको इसका आभास होने नहीं दिया। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में टी20 क्रिकेट जैसी पारी खेली और एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया।

बता दें कि, रोहित शर्मा दुनिया के पहले ऐसे ओपनर बन गए हैं, जिन्होंने अपनी पारी की पहली दो गेंदों में दो छक्के जड़े। उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ कानपुर में जारी दूसरे टेस्ट मैच में दूसरे ओवर की शुरुआत लगातार दो छक्के जड़े। उन्होंने इस मैच में एक छोटी सी, लेकिन तूफानी पारी खेली और एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया।

रोहित शर्मा दुनिया के उन चुनिंदा खिलाड़ियों में शामिल हो गए हैं, जिन्होंने टेस्ट पारी की पहली दो गेंदों पर दो छक्के जड़े हैं। हालांकि, वे ऐसा करने वाले पहले ओपनर हैं, जबकि तीन अन्य क्रिकेटर मध्य क्रम या निचले क्रम में खेले हैं। इनमें फोफी विलियम्स का नाम शामिल हैं, जबकि सचिन तेंदुलकर भी इस लिस्ट में हैं। उमेश यादव भी ये कारनामा कर चुके हैं। विलियम्स ने 1948 में जिम लैकर के खिलाफ ये कमाल किया था, जबकि 2013 में नाथन लियोन के विरुद्ध सचिन ने दो छक्के जड़े थे। उमेश यादव ने 2019 में जॉर्ज लिंडे के खिलाफ दो छक्के जड़े थे।

रोहित ने आतिशी अंदाज में बल्लेबाजी करते नजर आए। उन्होंने 11 गेंदों में 23 रनों की पारी खेली इसमें 1 चौका और 3 छक्के भी शामिल हैं। उनका स्ट्राइक रेट 209.09 का था। भले ही उनकी ये पारी छोटी थी लेकिन टीम इंडिया के लिए मजबूत शुरूआत थी।




## विराट कोहली ने सचिन तेंदुलकर का तोड़ा रिकॉर्ड, इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा 27 हजार रन बनाने वाले बल्लेबाज बने

**कानपुर ( एजेंसी )।** कानपुर में बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट में भारतीय बल्लेबाजों ने शानदार बल्लेबाजी की है। भारत ने महज 25 ओवर में 200 रन का आंकड़ा छू लिया। ये किसी भी टेस्ट पारी में टीम का सबसे तेज 200 रन है। इसके साथ ही भारत ने ऑस्ट्रेलिया का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है। इसके अलावा भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाजी विराट कोहली ने इंटरनेशनल क्रिकेट में नई उपलब्धि हासिल की है। दरअसल, उनके इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा 27 हजार रन पूरे हो गए हैं जो कि सचिन तेंदुलकर के नाम था। बता दें कि, कानपुर टेस्ट के चौथे दिन रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल ने भारतीय पारी की शुरुआत बेहतरीन तरीके से की। दोनों बल्लेबाजों ने भारत को तूफानी शुरुआत देते हुए सबसे तेज 50 रन भारत के लिए पूरे किए। इसके अलावा अन्य बल्लेबाजों ने भी इस गति को बरकरार रखते हुए सबसे तेज 100 रन, सबसे तेज 150, सबसे तेज 200 और सबसे तेज 250 न बनाने का रिकॉर्ड बनाया। सबसे तेज 100 और सबसे तेज 150 रन का रिकॉर्ड पहले भी भारत के ही नाम था। उसने 2023 में पोर्ट ऑफ स्पेन में वेस्टइंडीज के खिलाफ जड़ा था। वहीं सबसे तेज 200 रन बनाने का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया के नाम था जिसे आज भारत ने तोड़ दिया है। ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान के खिलाफ 2017 में 28.1 ओवर में सिडनी मैदान पर 200 रन जड़े थे। भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ 148 गेंद यानी 24.4 ओवर में 200 रन का आंकड़ा छुआ। इस दौरान विराट कोहली अर्धशतक जड़ने से चूक गए, उन्होंने 35 गेंद में 47 रन बनाए और शाकिब अल हसन के शिकार बन गए।



# तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली पलटी, ड्राइवर की मौके पर मौत

## सतना के मझगवां क्षेत्र में हादसा

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सतना जिले के मझगवां थाना क्षेत्र में रविवार की सुबह हुए एक सड़क हादसे में ट्रैक्टर ड्राइवर की मौत हो गई। पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंच कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के मुताबिक, मझगवां थाना अंतर्गत ग्राम तुर्रा के पास रविवार की सुबह एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली बेकाबू हो कर पलट गई। उस वक्त ट्रैक्टर पर सिर्फ ड्राइवर सवार था। हादसे में वह ट्रैक्टर के नीचे दब गया और उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान रामशिरोमन मवासी पिता विनोद मवासी (25) निवासी ग्राम तुर्रा के रूप में हुई है।

विनोद ट्रैक्टर ट्राली लेकर ग्राम कैलाशपुर के लिए निकला था। उसे ट्राली वहां छोड़ कर वापस आना था। लेकिन अपने गांव से कुछ दूर आते ही ट्रैक्टर बेकाबू हो कर सड़क से नीचे उतर कर खाई में पलट गया। सूचना मिलने पर मझगवां थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकलवाया और पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। हादसे की जांच शुरू कर दी गई है।





## अनुज कुमार सेन कोच नियुक्त



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** जिले के अनुज कुमार सेन को मध्य प्रदेश जूनियर नेशनल टेनिस बॉल क्रिकेट में कोच नियुक्त किया गया सतना जिले से 6 बच्चों का जूनियर नेशनल में हुआ चयन हरियाणा के सोनीपत में 17 से 20 अक्टूबर तक आयोजित 32 में जूनियर नेशनल टेनिस बॉल क्रिकेट राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाली मध्य प्रदेश टीम की घोषणा मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव मनोज तिवारी ने की। टीम इस प्रकार है शिवाय खरे, मेहुल वाधवानी, प्रभास तिवारी,शिवम, आराध्या, ईशान मध्य प्रदेश की टीम 15 अक्टूबर को जबलपुर से सोनीपत के लिए प्रस्थान करेगी।

# करंट लगने से चित्रकूट नगर परिषद के कर्मचारी की मौत, होर्डिंग हटाते वक्त लगा झटका, परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सतना जिले की चित्रकूट नगर परिषद के कर्मचारी की रविवार दोपहर करंट लगने से मौत हो गई। हालांकि नगर परिषद के स्टाफ ने मौत की वजह हार्ट अटैक बताई, लेकिन पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में मौत करंट के कारण होना पाया गया। जानकारी के मुताबिक, नगर परिषद चित्रकूट में कार्यरत शिव प्रकाश साहू पिता सौखी लाल (52) निवासी ठर्री भगनपुर जिला चित्रकूट यूपी जो वर्तमान में सीतापुर रह रहा था। शिव प्रकाश की रविवार को ड्यूटी के दौरान करंट लगने से मौत हो गई। मृतक चित्रकूट नगर परिषद में भृत्य था और वर्ष 1981 से वहां काम कर रहा था। रविवार को चित्रकूट में स्फटिक शिला तिराहे के पास लगे नेताओं के बैनर-पोस्टर और फ्लैक्स निकालते वक्त उसे करंट लग गया। आनन-फानन में उसे जानकीकुंड अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाद में उसके शव को मझगवां भेजा गया, जहां पोस्टमॉर्टम किया गया।



**राज्यपाल के आगमन को लेकर चल रही थी तैयारियां:** बताया जाता है कि चित्रकूट में राज्यपाल का आगमन प्रस्तावित है, लिहाजा वहां व्यवस्थाएं दुरुस्त की जा रही हैं। इसी सिलसिले में मृतक को रविवार का अवकाश होने के बावजूद ड्यूटी पर बुलाया गया था। उसे करंट लगने की सूचना पर सीएमओ समेत कई पार्षद और अन्य अधिकारी-कर्मचारी भी अस्पताल पहुंच गए थे। मौत के बाद नगर परिषद के जिम्मेदारों ने मौत की वजह हार्ट अटैक बताना शुरू कर दिया, जबकि मृतक के परिजन उसके हाथ - पैर में पड़े जलने के निशान देख कर करंट की आशंका जता रहे थे।

**परिजनों ने नगर परिषद पर लगाया लगाया लापरवाही का आरोप:** वहीं, मृतक के परिजनों ने नगर परिषद प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए शिव प्रकाश की मौत के लिए जिम्मेदार भी ठहराया है। हालांकि मझगवां में हुए पोस्टमॉर्टम में भी करंट से ही मौत होने की बात सामने आई है। चित्रकूट थाना पुलिस ने भी जांच शुरू कर दी है।

# खरगोश का शिकार करने घर के अंदर घुसा जंगली तेंदुआ



## वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू कर पकड़ा



**मीडिया ऑडीटर, मऊगंज (निप्र)।** जिले के ग्राम पंचायत रकरी के पचपहरा गांव में शनिवार रविबार की दरमियांनी रात रमेश साकेत के घर में जंगली तेंदुआ घुसने हड़कंप मच गया आनन फानन में इसकी जानकारी फॉरेस्ट सहित अन्य विभागों को दी गई। वन विभाग द्वारा तुरंत कार्रवाई के लिए मऊगंज एवं हनुमना की वन विभाग टीम रेस्क्यू को भेजी गई। और आज 13 अक्टूबर की भर 4 बजे रेस्क्यू कर घर के अंदर से जंगली तेंदुआ को सुरक्षित पकड़ लिया गया है। मऊगंज जिले के पचपहरा गांव में रमेश साकेत के घर में जंगली तेंदुआ घुसने की खबर मिलने पर वन परिक्षेत्र अधिकारी नयन तिवारी के साथ मऊगंज एवं हनुमना की वन विभाग टीम पचपहरा गांव पहुंचकर रेस्क्यू टीम द्वारा तेंदुए का सफल रेस्क्यू किया गया। रेस्क्यू के बाद तेंदुए के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया, जहां तेंदुआ पूरी तरह से स्वस्थ पाया गया। वन विभाग की टीम द्वारा आज भोर में पकड़कर जंगली तेंदुआ को सुरक्षित स्थान ले जाया गया।बीट प्रभारी अंबिकेश मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि पचपहरा गांव जंगल से लगा हुआ है। जहां जंगली तेंदुआ मूवमेंट करते हुए रमेश साकेत के घर के पास पहुंचा। क्योंकि रमेश साकेत घर में 13 खरगोश पाल रखा था। जिसके कारण तेंदुआ घर के अंदर घुस गया और खुले में टहल रहे 12 खरगोशों को खा गया। एक खरगोश पिंजरे के अंदर था वही बचा है। जिसकी जानकारी सरपंच द्वारा विभाग को दी गई। विभाग द्वारा सुरक्षित तरीके से रेस्क्यू कर तेंदुआ को पकड़कर सुरक्षित स्थान ले जाया गया है।

# प्रतिमा विसर्जन के दौरान नदी में डूबा युवक, कपड़ा फंसने से मूर्ति के साथ ही पानी में जा गिरा

## सुबह निकाला जा सका शव



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** नदी में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन करने के दौरान पानी में डूब जाने से एक युवक की मौत हो गई। उसका शव रविवार की सुबह बाहर निकाला जा सका। जिस स्थान पर यह हादसा हुआ वह प्रतिमा विसर्जन के लिए प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित कर रखा गया था।

सतना-मैहर रोड पर सतना नदी पर बने पुराने पुल के पास प्रतिमा विसर्जन करने के दौरान चिराग अग्रवाल पिता संजय अग्रवाल की मौत हुई। चिराग का शव रविवार की सुबह एसडीआरएफ की टीम और स्थानीय गोताखोरों की मदद से बाहर निकाला जा सका। सिटी कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

बताया गया कि चिराग और उसके साथी शनिवार की रात डालीबाबा में विराजी रहीं माता दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन करने गए थे। वे प्रतिमा लेकर सतना नदी के पुराने पुल के उस स्थान पर पहुंच गए जिसे प्रतिबंधित स्थान घोषित कर रखा गया था। पुल जर्जर है और यहां पानी की गहराई भी बहुत है लिहाजा यहां बैरिकेड्स भी लगाए गए थे। लेकिन लोगों ने बैरिकेड्स हटा दिए और उसी स्थान से प्रतिमा विसर्जित करने लगे।

प्रतिमा पानी में प्रवाहित होने ही वाली थी कि इसी बीच चिराग की टी शर्ट उसमें फंस गई और वह प्रतिमा के साथ ही पानी मे गिर गया। उसके पानी में गिरते ही हड़कंप मच गया। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को भी दी लेकिन रात का अंधेरा होने के कारण तमाम कोशिशों के बावजूद चिराग को पानी से बाहर नहीं निकाला जा सका।

रविवार की सुबह तमाम लोगों की भीड़ के बीच रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू हुआ और कुछ ही देर में चिराग का शव बरामद कर लिया गया। सिटी कोतवाली पुलिस ने पोस्टमॉर्टम करा कर शव परिजनों को सौंप दिया है और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

# भाजपा विधायक ने फिर उठाया मजार मुद्दा, कहा-लैंड जिहाद बंद हो

## कब्जा सड़क तक आ गया है, जनमानस को इससे मुक्ति मिले



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा के त्योंथर से भाजपा विधायक सिद्धार्थ तिवारी ने एकबार फिर से मजार का अतिक्रमण हटाने को लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट की है। उन्होंने कहा कि रीवा शहर के अमहिया क्षेत्र में अवैध मजार का मुद्दा मैंने आज से 10 दिन पहले उठाया था। प्रशासन से निवेदन करता हूं कि जो अवैध कब्जा धीरे-धीरे बढ़कर सड़क पर आ चुका है, उसे हटाया जाना चाहिए। इस तरह का लैंड जिहाद बंद होना चाहिए। इस लैंड जिहाद से आम जनमानस को जाम से मुक्ति मिल सके। मुझे पूरा विश्वास है कि विजयादशमी के पर्व के उपलक्ष्य में बुराई पर अच्छाई की जीत होगी।

भाजपा विधायक सिद्धार्थ तिवारी ने रविवार को एक बयान देते हुए कहा कि लैंड जिहाद को फैलने से रोकना चाहिए। कहीं पर भी 3 बाय 3 की चादर डालकर लैंड जिहाद किया जा रहा है। इसे बंद किया जाना चाहिए। रीवा संभाग समेत प्रदेश भर में कार्रवाई होनी चाहिए।

इस मामले को लेकर मुस्लिम पक्ष ने भाजपा विधायक के लगातार इन बयानों का विरोध जताया है। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने कहा कि जिस मजार पर विधायक कार्रवाई की बात कर रहे हैं। वो मजार वर्षों पुरानी है। इससे मुस्लिम सम्प्रदाय की आस्था जुड़ी हुई है।

विधायक का ये बयान माहौल को खराब करने वाला है। कांग्रेस के प्रदेश सचिव अब्दुल शहीद मिस्त्री ने कहा कि यह जमीन वक्फ बोर्ड की है। अतिक्रमण हटाने की शुरुआत करना ही चाहते हैं तो पहले विधायक सिद्दार्थ तिवारी का घर हटाया जाना चाहिए। डिप्टी सीएम का घर भी वक्फ बोर्ड की जमीन पर है। भाजपा विधायक ने अपने दादा और पिता की विचारधारा से कुछ नहीं सीखा। जो सबको साथ लेकर चलना जानते थे।

## कमिश्नर कृषि आदानों की आज करेंगे समीक्षा

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में 14 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से बैठक आयोजित की जा रही है। बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद कृषि उत्पादन आयुक्त की 24 अक्टूबर को प्रस्तावित समीक्षा बैठक के एजेण्डा बिन्दुओं की समीक्षा करेंगे। बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों को उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### कलेक्टर आज करेंगी टीएल पत्रों की समीक्षा

**रीवा.** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल 14 अक्टूबर को कलेक्टर सभागार में प्रात: 11 बजे से आयोजित बैठक में टीएल पत्रों तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की निराकरण की समीक्षा करेंगी। सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिये गये हैं।

### सचिव राज्य निर्वाचन आयोग आज से रहेंगे रीवा प्रवास पर

**रीवा.** जिले के ग्राम पंचायत अतरैला 11 के सरपंच पद के उप निर्वाचन कार्य की मॉनीटरिंग के लिए सचिव राज्य निर्वाचन आयोग श्री अभिषेक सिंह 14 एवं 15 अक्टूबर को रीवा प्रवास पर रहेंगे।

# विजयादशमी पर्व पर पुलिस लाइन में किया गया शस्त्र-पूजन

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** लोकमाता देवी अहिल्याबाई के शासनकाल में महिला सशक्तीकरण के लिए हुए महती कार्यों की स्मृति और देवी अहिल्याबाई की 300वीं जयंती वर्ष पर विजयादशमीं के पावन पर्व पर सतना जिले में शस्त्र-पूजन के साथ मनाया गया। कार्यर्₹ म में प्रदेश की नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी एवं सांसद गणेश सिंह द्वारा पुलिस लाइन सतना में दशहरा पर्व पर शस्त्र-पूजन किया गया। इस दौरान राज्यमंत्री श्रीमती बागरी ने स्थापित लोकमाता देवी अहिल्याबाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस मौके पर सतना विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा, कलेक्टर अनुराग वर्मा, पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता, रक्षित निरीक्षक देविका सिंह बघेल सहित पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।





# राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक मैहर कलेक्ट्रेट में आज

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** मैहर जिले के राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक 14 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे संयुक्त कलेक्ट्रेट मैहर के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। इनमें राजस्व वसूली, नामांकन, समाधान आनलाइन, एसएलआर लैण्ड रिकार्ड, सीमांकन, बंटवारा एवं नामांतरण, भू-अर्जन, पीएम किसान एवं सीएम किसान प्रगति ई-केवायसी, सीएम हेल्पलाइन, टीएल, अर्जित भूमियों का खसरों में इन्द्राज, खसरा सुधार, विभिन्न विभागों को भूमि आवंटन एवं स्वामित्व अभियान, नक्शा सुधार, न्यायालयीन आदेशों के आधार पर रिकार्ड का संशोधन, आवासीय भू-अधिकार योजना, विधानसभा प्रश्न, लीज भूमि नवीनीकरण, धारणाधिकार, प्राकृतिक आपदा विभिन्न मदों की प्रकरणवार जानकारी, उच्च न्यायालय के लंबित प्रकरण एवं अवमानना प्रकरण तथा प्रकरणों का वरिष्ठ न्यायालयों कमिश्नर, कलेक्टर के अपीलाधीन प्रकरण के एजेण्डे पर चर्चा की जायेगी। समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने राजस्व से संबंधित समस्त अधिकारियों को बैठक में उपस्थित होने के निर्देश दिये गये हैं।

# राज्यमंत्री आज स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में शामिल होंगी

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** प्रदेश की नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी रैगांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 14 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे ग्राम पंचायत भवन शिवराजपुर में एवं दोपहर 2 बजे जनपद पंचायत नागौद में महिला कर्मियों तथा आंगनवाडी कार्यकर्ता, सहायिका, आशा कार्यकर्ताओं सहित सभी महिलाओं के स्वास्थ्य जांच हेतु स्वास्थ्य कैंप में शामिल होंगी। इसी प्रकार राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी रैगांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 15 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे ग्राम पंचायत भवन रैगांव तथा दोपहर 2 बजे ग्राम पंचायत भवन सिंहपुर में महिला कर्मियों तथा आंगनवाडी कार्यकर्ता, सहायिका, आशा कार्यकर्ताओं सहित सभी महिलाओं के स्वास्थ्य जांच हेतु स्वास्थ्य कैंप में शामिल होंगी।

# राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता का आयोजन 14 से

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** जिले में राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता 14 अक्टूबर से 18 अक्टूबर तक विट्स करही सतना में बास्केटबाल का आयोजन किया गया हैं। जिसमें प्रतिभागियों की उम्र 19 वर्ष निर्धारित की गई है। कलेक्टर अनुराग वर्मा ने सभी संबंधित अधिकारियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के संबंध में दिशा-निर्देश दिये हैं। राज्य स्तरीय शालेय ₹ीडा प्रतियोगिता का शुभारंभ 14 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे विट्स उमा विद्यालय करही सतना में किया जायेगा।

# विकासखण्ड स्तरीय सुरक्षा जवान भर्ती मेला आज रामपुर बघेलान में

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** शासकीय आईटीआई सतना एवं जिला रोजगार कार्यालय सतना के सहयोग से सिक्योरिटी गार्ड/सुपरवाइजर/हाउस कीपिंग पद की भर्ती के लिये जिले की समस्त शासकीय आईटीआई संस्थाओं में एक दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजित किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि 14 अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक जिले की शासकीय आईटीआई संस्थाओं में अलग-अलग तिथियों में प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित कर सिक्योरिटी सर्विस में सिक्योरिटी गार्ड/सुपरवाइजर/एनसीओ/हाउस कीपिंग पद के लिये योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि 14 अक्टूबर को शासकीय महाविद्यालय रामपुर बघेलान, 15 अक्टूबर को शासकीय आईटीआई रामनगर, 16 अक्टूबर को शासकीय आईटीआई नागौद, 18 अक्टूबर को शासकीय आईटीआई उचेहरा, 19 अक्टूबर को शासकीय आईटीआई मैहर, 21 अक्टूबर को शासकीय आईटीआई अमरपाटन, 22 अक्टूबर को शासकीय आईटीआई बिरसिंहपुर तथा 24 अक्टूबर को शासकीय आईटीआई सतना में प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जायेगा। जिसमें आयु 18 से 37 वर्ष आयुवर्ग तथा योग्यता 8वीं, 10वीं पास/फेल, 12वीं उत्तीर्ण बेरोजगार आवेदक अपने मूल रिकार्ड के साथ निर्धारित स्थान पर उपस्थित होकर योग्यता अनुसार रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं। भर्ती से संबंधित जानकारी के लिए भर्ती प्रबंधक मो. 9981808847, 6263787387 पर संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# धान, ज्वार एवं बाजरा उपार्जन हेतु पंजीयन आज तक

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** खरीफविपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा उपार्जन करने के लिए पंजीयन की अवधि 4 अक्टूबर तक निर्धारित थी। जिसे बढाकर अब 14 अक्टूबर 2024 कर दी गई है। खरीफविपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा उपार्जन हेतु किसान अपना पंजीयन 14 अक्टूबर 2024 तक करा सकते हैं।

# सुरक्षा गार्ड और सरकारी सुविधा छोड़ बाइक से क्षेत्र का भ्रमण कर रहे विधायक



**मीडिया ऑडीटर, मऊगंज (निप्र)।** सुरक्षा गार्ड और सरकारी सुविधा छोड़ बाइक से हनुमना क्षेत्र का भ्रमण कर रहे मऊगंज विधायक प्रदीप पटेल। जिसका वीडियो आज 13 अक्टूबर को सायंकाल 4 बजे से सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। इन दिनों मऊगंज भाजपा विधायक प्रदीप पटेल मोहन सरकार और उनके पुलिस अधिकारियों से खासा नाराज चल रहे हैं। उन्होंने एक सप्ताह पूर्व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मऊगंज के सामने कार्यालय पहुंचकर जमीन पर लेटकर साष्टांग हुए थे। कल 12 अक्टूबर को उन्होंने सुरक्षा में लगे सुरक्षा गार्डो को लौटा दिया यहां तक सरकारी सुख सुविधाऐ सभी त्यागते हुए बस में सवार होकर पहले रीवा से मऊगंज पहुंचे और मऊगंज से बस में सवार होकर हनुमना के लिऐ निकल गए। आज 13 अक्टूबर को हनुमना प्रवास दौरान उन्होंने बाइक में सवार होकर कोलहा गांव सहित अन्य क्षेत्रों का भ्रमण कर रहे है। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है।

# मैहर जिले के पुलिस लाइन में शस्त्र-पूजन का कार्यक्रम संपन्न



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** मैहर जिले के विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने दशहरे के पर्व पर पुलिस लाइन मैहर में पहुंचकर वैदिक विधि से साहस और विजय के प्रतीक के रूप में शस्त्रों का पूजन किया गया। विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने असत्य पर सत्य की विजय के पर्व दशहरे की जिलेवासियों को बधाई व शुभकामनाएं दी। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल, एएसपी मुकेश वैश्य तथा पुलिस स्टाफउपस्थित रहा।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी संटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।